



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 351 | कोरबा, सोमवार ,दिनांक 22 सितम्बर 2025 डाक 23 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की परियोजना विजयक ने लद्दाख के कारगिल में अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया


**देश-विदेश**
एच-1बी वीजा फीस पर अफरा-तफरी के बीच अमेरिका से आई गुड न्यूज, सिर्फ नए आवेदकों...



**कोरिया पेज**
श्री सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया


## सीएम साय ने प्रदेशवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी



**रायपुर, 22 सितम्बर [एजेंसी]।**

सीएम साय ने प्रदेशवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा, माता रानी के आगमन की तैयारी पूरे हर्ष और उल्लास के साथ हो रही है। छत्तीसगढ़, शक्तिपीठों की धरती है। दंतेवाड़ा की मां दंतेश्वरी, डोंगरगढ़ की मां बमलेश्वरी, रतनपुर की मां महामाया, चंद्रपुर की मां चंद्रहासिनी और कुदड़गढ़ की मां बागेश्वरी सहित ग्राम-ग्राम में पूजित माता शक्ति हमें समाज की बुराइयों को दूर कर, आदर्श समाज के निर्माण की प्रेरणा देती हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प लें। माँ आदि शक्ति निश्चित ही हमारे संकल्पों को सफल करने का आशीर्वाद देंगी। आप सभी को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। माता रानी की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे।

# एक दिन पीओके कहेगा..., पाकिस्तान को राजनाथ सिंह ने दिया रियलिटी चेक, मुनीर की भी उड़ जाएगी नींद

**नईदिल्ली, 22 सितम्बर [एजेंसी]।**

रक्षा मंत्री राजनाथ ने सोमवार को कहा कि भारत बिना किसी आक्रामक कदम के पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर नियंत्रण वापस पा लेगा। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि पीओके में लोग वर्तमान सरकार से आजादी की मांग कर रहे हैं। दरअसल, मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि पीओके अपने आप ही हमारा होगा। रक्षा मंत्री के इस बयान से पाकिस्तान को नीद नहीं आएगी। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि पीओके में मांगे उठनी लगी हैं। आपने भी नारेबाजी सुनी है। वहीं, रक्षा इस कार्यक्रम में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने ट्रंप के टैरिफ पर भी बात की है और बताया कि ट्ररिफ के मुद्दे पर भारत ने तुरंत जवाब क्यों नहीं दिया। रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि आज से पांच साल पहले जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भी इस बात को दोहराया था।



राजनाथ सिंह ने कहा कि पांच साल पहले मैं कश्मीर के घाटी में एक कार्यक्रम में भारतीय सेना को संबोधित कर रहा था। उस वक्त मैंने कहा था कि पीओके पर हमला करके कब्जा करने की जरूरत नहीं है। यह वैसे भी हमारा है। पीओके खुद कहेगा मैं भी भारत हूं। वह दिन भी आएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ये टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब विपक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके पर कब्ज़ा करने का मौका गंवा दिया। रक्षा मंत्री का ये बयान कई मायनों में खास है। वहीं, रक्षा मंत्री ने एक कार्यक्रम में यह भी बताया कि ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले पर भारत ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी। रक्षामंत्री ने बताया कि भारत ने डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा भारतीय आयातों पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी क्योंकि भारत का दृष्टिकोण व्यापक है। उन्होंने कहा कि हमने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी... जो लोग व्यापक सोच और बड़े दिल वाले होते हैं, वे किसी भी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देते। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समय दो दिवसीय मोरक्को की यात्रा पर हैं। यहां पर वे रेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म के विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। किसी भारतीय रक्षा मंत्री की ये पहली मोरक्को यात्रा है।

## नॉर्थ-ईस्ट के राज्य हमारे लिए अष्टलक्ष्मी: पीएम

**नईदिल्ली, 22 सितम्बर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां पर 5,125.37 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का अनावरण किया। पीएम मोदी ने राज्य के ईटानगर के इंदिरा गांधी पार्क में आयोजित एक समारोह में शि योमी जिले में दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ईटानगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, वैसा ही अरुणाचल का पहला रंग केसरिया है। यह भूमि वीरता की भूमि है।

पीएम मोदी ने कहा कि अरुणाचल की मेरी यात्रा विशेष बन गई है। नवरात्र के पहले दिन मुझे इतने खूबसूरत पहाड़ देखने को मिले। आज अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो गए हैं। जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो गया है। अरुणाचल को बिजली, स्वास्थ्य, पर्यटन और कई अन्य क्षेत्रों की परियोजनाएं दी गई हैं।

## किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जवाबी कार्रवाई के बाद भागे आतंकी, सर्च ऑपरेशन जारी

**किश्तवाड़ 22 सितम्बर।** जम्मू संभाग के किश्तवाड़ के केशवान इलाके में तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की। इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी बंद होने के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। सेना और पुलिस के आला अधिकारी हालात पर नजर रखे हुए हैं। मुठभेड़स्थल पर अतिरिक्त बल भेजा है। ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। दूसरी ओर ऊधमपुर के सियोजधार जंगल में तलाशी अभियान जारी है। शनिवार को मुठभेड़ में सैनिक बलिदान हुआ था।सेना ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सतर्क जवानों का अपराह्न एक बजे केशवान इलाके में आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी पर तलाशी अभियान छेड़ा। सुरक्षाबलों को देखकर आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी है। जवानों ने सुरक्षित जगह से जवाबी कार्रवाई की। आतंकी वहां से भाग निकले। किसी जवान के हताहत होने की खबर नहीं मिली है।' किश्तवाड़ के नागसेनी के केशवान और छातरु में आतंकी छिपे हैं। वे कई बार सुरक्षाबलों पर हमले कर चुके हैं। एसएसपी नरेश सिंह ने कहा कि का कहना था कि आतंकवादियों की तरफ से अंधाधुंध गोलीबारी की गई जिसमें कोई नुकसान तो नहीं हुआ। सुरक्षाबलों ने हंदवाड़ा में बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने पुख्ता जानकारी पर अभियान छेड़ा। एक ठिकाने से तुर्की की बनी 9 एमएम पिस्टल, दो मैगजीन, दो चाइनीज 7.62 एमएम पिस्टल, दो चाइनीज पिस्टल की मैगजीन, 14 राउंद , आठ चाइनीज हैंड ग्रेनेड, एक एके मैगजीन और 40 राउंड शामिल हैं।



## तेजप्रताप यादव ने पीएम को अपशब्द पर दिखाए तेवर, आरजेडी से कहा- गीता की कसम खाता हूं...



**पटना, 22 सितम्बर [एजेंसी]।**

लालू प्रसाद के बड़े पुत्र, विधायक और नवगठित जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव का कई अलग अंदाज व बयान सामने आया। जिससे उनकी पुरानी पार्टी राजद असहज हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि गीता की कसम खाता हूं कि अब चाहे जितने बुलावे आएं, वे राजद में वापस नहीं जाएंगे। तेज प्रताप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द मामले में भाजपा के पक्ष में खड़े दिखे और केंद्र व राज्य सरकार से तत्काल प्राथमिकी व कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी।

अगर इस मामले में महुआ के राजद विधायक मुकेश रौशन को जेल नहीं भेजा गया तो जनशक्ति जनता दल वहां आंदोलन करेगा। किसी भी सभ्य समाज में किसी भी व्यक्ति की मां का अपमान स्वीकार्य नहीं है। वहीं, भोजपुर जिले के शाहपुर हाईस्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता व पिता के पुराने मित्र शिवानंद तिवारी पर आरोप लगाया कि उन्होंने ही मेरे पिता को जेल भिजवाया था। उन्होंने कहा, उनके पुत्र राहुल तिवारी बहुरुपिया विधायक हैं, उनको हराना उनकी प्राथमिकता है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव को शाहपुर से विधानसभा में भेजूंगा। विदित हो कि शिवानंद राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं।

इससे पहले बिहिया के साहेब टोला रोड स्थित अपनी पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कहा कि बिहार में बदलाव जरूरी है, हमारी पार्टी को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। विगत वर्षों में बेरोजगारी बढ़ी है, युवाओं का प्रवासन हो रहा है, अपराध चरम पर है। उन्होंने कहा कि मैं स्वास्थ्य मंत्री था, तब दवा की कालाबाजारी की जांच का आदेश दिया था, लेकिन सरकार बदलने के साथ यह फैसला भी बदल दिया गया।

### मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगी डीएमके

## वक्फ कानून-तीन तलाक पर भाजपा को घेरा : सीएम स्टालिन

**नईदिल्ली, 22 सितम्बर ।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन ने भाजपा और एआईएडीएमके पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने साफ कहा कि डीएमके हमेशा मुस्लिम समुदाय के अधिकारों की रक्षा करेगी और उनके लिए नए अधिकार सुनिश्चित करने में सबसे आगे खड़ी रहेगी। स्टालिन ने भाजपा पर वक्फ कानून संशोधन को लेकर निशाना साधा और कहा कि सुप्रीम कोर्ट से स्टे केवल डीएमके और अन्य दलों की कानूनी लड़ाई के कारण मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लाया गया वक्फ संशोधन मुस्लिमों के खिलाफ साजिश थी। उन्होंने कहा कि डीएमके की पहल से ही सुप्रीम कोर्ट ने इसके विवादित प्रावधानों पर रोक लगाई। स्टालिन ने एआईएडीएमके पर आरोप लगाया कि उसने भाजपा के साथ मिलकर मुस्लिमों के हितों के साथ धोखा किया।

## पश्चिम बंगाल में मानव तस्करी का भंडाफोड़, एनआईए ने बांग्लादेशी लड़की को रेस्क्यू किया, 2 गिरफ्तार




**नई दिल्ली 22 सितम्बर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कोलकाता समेत पश्चिम बंगाल की 5 जगहों पर छापेमारी की है। इस दौरान पुलिस ने 2 लोगों को हिरासत पर लिया है। उनपर नाबालिग बांग्लादेशी लड़की की तस्करी करने का आरोप है। दोनों आरोपियों की पहचान आमिर अली शेख और अमल कृष्ण मंडल के रूप में हुई है, जिन्हें पुलिस ने पश्चिम बंगाल की 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया है। एनआईए ने मामले की जानकारी देते हुए बयान जारी किया है। एनआईए के अनुसार, नाबालिग बांग्लादेशी लड़की की भारत में अवैध तस्करी की गई थी।

आरोपियों ने उसे नौकरी का झांसा देकर शोषण के लिए मजबूर किया था। बांग्लादेशी लड़कियों को सीमा पार करवाकर भारत भेजा जाता है। हाल की गिरफ्तारी और जब्ती के बाद एनआईआर मानव तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाएगी। एनआईए ने शनिवार को कोलकाता और बनगांव समेत 5 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस को भारी मात्रा में भारतीय और बांग्लादेशी समेत अन्य देशों की मुद्राएं बरामद की हैं। इसके अलावा पुलिस को कई दस्तावेज भी मिले हैं।

## शहीद राइफलमैन रंजीत कश्यप के पार्थिव शरीर को गृहमंत्री विजय शर्मा ने दिया कंधा

**रायपुर।** शहीद राइफलमैन रंजीत कश्यप का पार्थिव शरीर रायपुर पहुंचा, इस दौरान एयरपोर्ट पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कंधा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, मणिपुर में असम राइफल्स पर हुए कायरतापूर्ण हमले में हमारे बस्तर के वीर सपूत राइफलमैन रंजीत कश्यप जी ने सर्वोच्च बलिदान दिया। आज रायपुर एयरपोर्ट पर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ईश्वर शहीद आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति दें। रायपुर हवाई अड्डे पर आयोजित समारोह में उनके वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें फूलों की वर्षा और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।



अधिकारियों ने कहा कि रणजीत सिंह ने जिस प्रकार अपने जीवन को मातृभूमि और नागरिकों की सेवा में समर्पित किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। सैनिकों के परिवारों के प्रति सभी उपस्थित लोगों ने गहरी संवेदना और सम्मान प्रकट किया। उनका कहना था कि रणजीत सिंह जैसे वीर सैनिकों की वीरता और कर्तव्यनिष्ठा हमारे राष्ट्र की रक्षा और समाज की सुरक्षा के लिए हमेशा स्मरणीय रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित सैनिक अधिकारियों ने कहा कि रणजीत सिंह का बलिदान यह संदेश देता है कि देश और समाज की सेवा में साहस, निस्वार्थता और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोच्च मूल्य हैं। उनके शौर्य और वीरता की कहानियाँ आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाती रहेंगी।

### अमृतसर के सिविल अस्पताल में आग लगने से हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के सिविल अस्पताल में आज सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अस्पताल में भर्ती मरीजों और बच्चों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।ब्लड बैंक के अंदर लगे फ्रिज के पास आग लगी थी, जिसके बाद आग तेजी से फैलने लगी। आग लगने के बाद अस्पताल के स्टाफ ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। मुश्किल से मरीजों की जान बचाई। सभी मंजिलों से सिलेंडर इकट्ठा किए और शीशे तोड़कर किसी तरह आग बुझाने की कोशिश की। इसके बाद फायर पीरियड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## गैरजिम्मेदार..., एअर इंडिया प्लेन क्रैश पर सुप्रीम सुनवाई, केंद्र सरकार को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** 12 जून 2025 को गुजरात के अहमदाबाद में यात्रियों से भरा एअर इंडिया का प्लेन अचानक क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान चली गई, लेकिन प्लेन क्रैश की असली वजह अभी तक सामने नहीं आ सकी है। इसपर जांच अभी जारी है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में प्लेन क्रैश की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## श्री नैना देवी मंदिर में नवरात्र की भव्य शुरुआत, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात

**स्वारघाट , 22 सितम्बर [एजेंसी]।**



ऊंची पहाड़ियों पर स्थित उत्तरी भारत शक्तिपीठ श्री नैना देवी जी मंदिर में शारदीय नवरात्रों का आरंभ आज सोमवार प्रातःकाल बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। माता रानी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। सुबह की आरती एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता जी की पूजा आरंभ की गई। प्रथम दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। दूर-दराज़ से आए श्रद्धालु मंदिर में हवन यज्ञ में आहुति अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इस पावन अवसर पर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु नैना देवी मंदिर पहुंचे का सिनशीला शुरू हो गया है बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार से ज्योति का सरूप भी लेकर जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं और जगह-जगह सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं को लाइन में लगकर बारी बारी ढंग से दर्शन कराए जा रहे हैं।

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट 22 घंटे खुले रहेंगे। रोजाना रात 12 बजे से दो बजे तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे, शेष समय मंदिर खुला रहेगा। मंदिर में हरियाणा के श्रद्धालुओं की ओर से फूलों के साथ सजा दिया गया है। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं भी कर दी हैं। नवरात्र के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से श्री नैना देवी मंदिर और आसपास क्षेत्र को छह सेक्टरों में बांटा गया है। इन सेक्टों में सेक्टर प्रभारी व मेजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर से लेकर बस स्टैंड तक चार सौ गृहरक्षक तैनात रहेंगे। मेला अवधि के दौरान श्री नैना देवी जी मंदिर परिसर में लाऊडस्पीकर, ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी प्रकार का सार्वजनिक सन्देश अथवा उद्घोषणा देनी आवश्यक हो, तो वह केवल कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रसारित की जाएगी। मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के प्रसाद के प्रयोग पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इसके अलावा पुलिस थाना कोट कहलूर के अधिकार क्षेत्र में 22 सितंबर से दो अक्तूबर तक किसी भी व्यक्ति द्वारा अस्त्र-शस्त्र, गोला-बारूद, दूर से मार करने वाले हथियार, तेजधार हथियार आदि उठाकर चलने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।मेला अवधि के दौरान टोबा से श्री नैना देवी जी मंदिर तक के सड़क मार्ग पर केवल बसों और छोटे यात्री वाहनों (टैक्सियों) की आवाजाही को ही अनुमति होगी। इस दौरान ट्रक, कैन्टर, ट्रैक्टर, टैम्पू आदि भारी वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त यदि ट्रक, टैम्पू या ट्रैक्टर सवारियों से लदे हुए पाए जाते हैं, तो उन्हें हिमाचल प्रदेश की सीमा जैसे गड़ामोड़ा और ग्वालथाई (भाखड़ा) से आगे श्री नैना देवी जी की ओर आने की अनुमति नहीं होगी।


श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
श्याम सुंदर अग्रवाल
अध्यक्ष अग्रवाल सभा, सक्ती
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सक्ती
मुख्य अतिथि
अभिषेक अग्रवाल
अपर कलेक्टर, दुर्ग
अध्यक्षता
कन्हैया अग्रवाल
समाज सेवी रायपुर
विशिष्ट अतिथि
डॉ. पूजा अग्रवाल
मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी सक्ती
विशिष्ट अतिथि
सी.ए. दिनेश अग्रवाल
विशिष्ट अतिथि
कमल अग्रवाल
ए.एफ.ओ सक्ती
विकास अग्रवाल (विक्कु दुल्हन)
अध्यक्ष
श्री अग्रसेन जयंती महामहोत्सव समिति
अरुण अग्रवाल-श्रीमती मीना अग्रवाल
आनंद अग्रवाल-श्रीमती रिंकु अग्रवाल
नरेश गेवाडीन-श्रीमती रीना गेवाडीन
राधेश्याम अग्रवाल-श्रीमती रिंकी अग्रवाल
शिवनारायण (भोंदी)-श्रीमती सीमा अग्रवाल
हरिओम अग्रवाल
अमित अग्रवाल
सतीश अग्रवाल (चमन DM)
नरेश मित्तल
रवि जिंदल (बंटी)
राजेश सराफ
दिनेश सराफ
मनोज अग्रवाल
कमलेश अग्रवाल (कम्मु)
सुरेन्द्र अग्रवाल
श्रीकिशन अग्रवाल
संजय अग्रवाल
भेषज गोयल
श्याम सुंदर अग्रवाल
मुकेश बंसल
अध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स ईकाई-सक्ती
डॉ. संजय अग्रवाल
गोमती हॉस्पिटल सक्ती
गज्जू डालमिया
कालू अग्रवाल (रघुनाथ)
पवन गोयल
मुकेश अग्रवाल
सी.ए. शैलेष अग्रवाल
विनय अग्रवाल
मानस अग्रवाल
रविशंकर अग्रवाल (लाला)
शुभम अग्रवाल
आकाश अग्रवाल
अमन अग्रवाल
बबलू अग्रवाल
अंकित अग्रवाल (देवी सेठ)
रुपेश अग्रवाल
राजेश अग्रवाल
चिराग अग्रवाल (लल्ली)
मयंक बालाजी
संदीप अग्रवाल (सोनू)
चिन्टू ठाकुर
संकलनकर्ता
संतोष कुमार सोनी (लाला)
जिला ब्यूरो प्रमुख, तरुण छत्तीसगढ़
जिला-सक्ती (छ.ग.)
9300621757
श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जयंती की
आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ...

# पड़ोसी से विवाद के बाद समझाईश देने पर भाई की हत्या





**जांजगीर-चांपा।** जिले में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को मार डाला। पड़ोसी से विवाद के बाद बड़ा भाई समझाने आया था, तभी चाकू से गले पर कई बार हमला किया। गले में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। मामला नैला थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम मुकेश सूर्यवंशी (27) है, जो कि नैला के वार्ड नंबर- 2 में रहता था। वहीं आरोपी का नाम जितेश कुमार सूर्यवंशी (20) है। आरोपी पहले भी कई लोगों से विवाद कर चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, जितेश का पड़ोस में रहने वाले नरेंद्र चंदेल से पुरानी रंजिश है। इसी वजह से जितेश और नरेंद्र के बीच विवाद हो रहा था। इसी बीच नरेंद्र अपने घर का दरवाजा बंद कर अंदर चला गया, लेकिन जितेश बाहर से दरवाजा पीटने लगा।

इतने में आरोपी जितेश का बड़ा भाई मुकेश सूर्यवंशी आ गया। मुकेश ने पूछा कि क्यों लड़ाई कर रहा है। इतने में जितेश अपने बड़े भाई पर भड़क गया। जितेश ने कहा कि तू कौन होता है टोकने वाला। कहासुनी के बीच जितेश ने मुकेश के गले में चाकू से हमला कर दिया।

बताया जा रहा है कि चाकू लगते ही मुकेश घायल होकर जमीन पर गिर गया। घायल हालत में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल जांजगीर पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स के मुताबिक खून अधिक बह गया है। सांस नली भी कटने की आशंका है। इसी वजह से जान गई है।वहीं मामले की जानकारी मिलते ही नैला पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। इसके बाद पुलिस नैला पहुंची। घर से आरोपी को हिरासत में लिया। चाकू के साथ आरोपी को थाने लेकर पहुंची। थाने में आरोपी से पूछताछ की गई।

मामले में जांजगीर चांपा सीएसपी कविता ठाकुर ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी पड़ोसी से झगड़ा कर रहा था, तभी समझाने आए भाई की हत्या की गई। मर्डर स्पॉट से चाकू बरामद कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।



## जीएसटी घटने के फायदे आज से, सस्ते होंगे सामान

**जांजगीर।** जीएसटी को लेकर लोगों के लिए राहत की खबर है। जरूरत के सामान पर 22 सितंबर से केवल दो स्लैब में जीएसटी लगेगा 5व या 18 प्रतिशत। सरकार ने टैक्स सिस्टम आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे पनीर, घी और साबुन-शैंपू के साथ एसी, मोबाइल फोन, लैपटाप, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, छोटी कार सस्ते होंगे। सोमवार से देवभोग के दूध समेत पनीर, घी, मक्खन व अन्य तरह की चीजें सस्ती हो जाएंगी। पनीर (1 किग्रा) पर अब 5 फीसदी जीएसटी खत्म कर दिया गया है। अब यह 395 की जगह 376 रुपए किलो मिलेगा। घी के रिफिल पैक (1 लीटर) पर 12 फीसदी जीएसटी लगता था। अब यह नहीं लगेगा। अब इसके दाम 654 रुपए की जगह 613 रुपए होंगे यानी 41 रु. सस्ता मिलेगा।

# रक्तदान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा को गति दी



**रिगनी-खरौद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोड़ाभाट खरौद द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम मेकरी में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया तथा उन्हें स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया।

स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मिलकर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की। इसी क्रम में खरौद में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने की संकल्पना को सशक्त किया गया। रक्त दाता धरम सिदार दिनेश साहू प्रखर यादव गोविंद घृतलहरे कमलेश यादव सुमन यादव शिवेन्द्र प्रताप सिंह कपिल यादव नीलेश यादव महेश यादव हेमलाल यादव स्वप्निल यादव दीनदयाल यादव राजेन्द्र केवट संतोष साहू रक्त दान किया।

विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने और उनमें जागरूकता लाने हेतु खरौद में चित्रकला, निबंध, पोस्टर तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने सामाजिक विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की और उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। वहीं ग्राम मेकरी में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने इस अवसर का लाभ उठाया। रक्तदान करते कार्यकर्ता।

## सुधार के दौरान पॉवर सप्लाई होने से झुलसे 3 कर्मी

**सक्ती।** जिले में बिजली विभाग के 3 कर्मचारी ट्रांसफॉर्मर मेंटेनेंस के दौरान झुलस गए। 11 केवी लाइन से करंट प्रवाहित होने के कारण खंभे पर काम कर रहे कर्मचारी हादसे का शिकार हुए। घटना हसौद थाना क्षेत्र की है।



घायल कर्मचारियों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 घंटे की देरी से इलाज मिला। जिससे उनकी हालत और बिगड़ गई थी। पुलिस ने बिजली विभाग की लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के बाद स्थानीय लोग घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद ले गए। वहां अस्पताल बंद मिला। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की अनुपस्थिति में घायलों को एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

कर्मचारियों के आने के बाद प्राथमिक उपचार किया गया। तीनों को जांजगीर-चांपा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायलों में रामकुमार यादव (25), मनीष (26) और महासिंह (40) शामिल हैं। रामकुमार की स्थिति गंभीर है। मनीष और महासिंह की हालत स्थिर बनी हुई है।

बिजली विभाग के सहायक अभियंता छत्रपाल दीवान ने कहा कि घटना की जानकारी देर से मिली। वे रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजेंगे।

# शराब के नशे में आयी हेडमास्टर, हरकतों को देख छात्रों ने समझा अवकाश-घर को लौटे

**जांजगीर-चांपा।** जिले में महिला हेडमास्टर शराब के नशे में स्कूल पहुंच गई। टीचर ने स्कूल में बना मीड डे मील खाने की कोशिश की, लेकिन वह इतने नशे में थी कि लड़खड़ाते हुए टेबल पर पैर रखकर सो गईं। बच्चे छुट्टी समझकर घर चले गए।

ग्रामीणों ने इस घटना का वीडियो बना लिया। उनके सामने हेडमास्टर अजीब हरकतें करने लगी। वह बड़बड़ाते हुए कभी हिंदी में तो कभी इंग्लिश में बात करती। इस दौरान महिला हेडमास्टर के जेब में रोटी रखी हुई थी। एक ग्रामीण ने कहा कि आप पर कार्रवाई होगी तो हेडमास्टर ने जवाब में कहा- थैंक-यू। घटना बलौदा विकासखंड के लेवई गांव के शासकीय प्राथमिक शाला की है। जांच के बाद हेडमास्टर हीरा पोर्ते (45 साल) को सस्पेंड कर दिया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

स्कूल में कुल 45 बच्चे पढ़ाई करते हैं। हेडमास्टर और एक टीचर यहां पदस्थ है। ग्रामीणों ने बताया कि हेडमास्टर पिछले कई



दिनों से शराब पीकर स्कूल आती है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पहले भी कई बार टीचर की शिकायत की गई थी।

घटना गत 19 सितंबर की है। नशे की हालत में शिक्षिका मध्यान्ह भोजन खा नहीं पाईं और बेसुध हो गईं। इसके बाद उसने कुछ रोटी अपने जेब में रख ली थी। वह नशे की हालत में अलग-अलग बातें भी कह रही थी। अजीबोगरीब हरकत करते हुए बड़बड़ा रही थी। वहीं, ग्रामीणों ने नशे में देख हेडमास्टर के परिजनों को भी स्कूल बुला लिया। हेडमास्टर के माता-पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी लड़की को बहुत समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। परिजनों ने बताया कि हीरा पोर्ते की शादी हो चुकी है, लेकिन उसके पति की मौत हो गई। तब से वह नशा करने लगी।

वीडियो की जांच के बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर एसडीएम, डीईओ और बीईओ ने स्कूल का निरीक्षण किया। शिक्षकों, छात्रों और ग्रामीणों से पूछताछ में घटना की पुष्टि हुई।

तत्पश्चात 20 सितंबर को सिविल सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के कारण हीरा पोर्ते को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदा रहेगा।

कलेक्टर ने मॉनिटरिंग में लापरवाही के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी बलौदा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कीचड़ के बाद अब धूल ने बढ़ाई परेशानी



**जांजगीर।** जिले के बनाहिल से तरौद के बीच राहगीरों का धूल के कारण आना-जाना मुश्किल हो गया है। राहगीरों और स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। बनाहिल बस स्टैंड, तिवारी पेट्रोल पंप और क्रिकेट स्टेडियम के पास गड्ढों की मरम्मत की जरूरत है। सात किमी लंबे इस रोड की स्थिति बेहद खराब है। दर्जनों क्रेशर खदान और पावर प्लांट के कारण सड़क से सैकड़ों गाड़ियों का रोजाना आवागमन होता है। इससे उड़ रही धूल का असर मजदूरों, छात्रों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। धूल और अंधेरे में आवागमन करना गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

# दशानन के पुतले को अभी से तैयार करने हो रही मेहनत

**चांपा।** नगर के ऐतिहासिक भालेराव मैदान में दशहरा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में इस बार भी भव्य रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। कारीगरों ने बांस, कपड़े और कागज से पुतलों का निर्माण शुरू कर दिया है। इस वर्ष रावण का 40 फीट, कुंभकरण का 30 फीट तथा मेघनाथ का फीट ऊंचा पुतला बनाया जा रहा है। यह नगरवासियों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेगा। समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि विजयादशमी के अवसर पर भगवान श्रीराम की लंका विजय का मंचन होगा और आतिशबाजी के साथ रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का दहन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश समाज तक पहुंचाना है। इस वर्ष का आयोजन और भी खास होने वाला है क्योंकि लोकप्रिय अभिनेत्री मंदाकिनी इसमें शिरकत करेंगी। साथ ही, बॉम्बे बैंड की विशेष प्रस्तुति रहेगी, जिससे कार्यक्रम का आकर्षण कई गुना बढ़ जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। सुरक्षा



व्यवस्था, पार्किंग, बैठने की सुविधा और मंचन की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंग-बिरंगी आतिशबाजी से पूरा मैदान रोशन होगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार की थीम सत्य की विजय है। आयोजन को सफल बनाने के लिए नगर पालिका, पुलिस प्रशासन और अन्य सहयोगी संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है।



## पेलेस में होंगे आदिशक्ति के दर्शन, सेवा समिति ने मंडप को बनाया और आकर्षक

**चांपा।** नगर के सिवनी चौक स्थित अखिल भारतीय सेवा समिति इस वर्ष नवरात्र पर्व पर मां दुर्गा की भव्य स्थापना करने जा रही है। समिति हर साल श्रद्धा और आस्था के साथ नवरात्र महोत्सव का आयोजन करती है। इस बार पंडाल को विशेष रूप से राजमहल की थीम पर सजाया जा रहा है। बाहर से आए कारीगरों द्वारा पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से किया गया, जो अब लगभग तैयार हो चुका है। श्रद्धालु मां दुर्गा के राजसी स्वरूप के दर्शन कर दिव्य आनंद का अनुभव कर सकेंगे। पंडाल परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों की सजावट से सजाया जाएगा। माता रानी की प्रतिमा भव्य श्रृंगार और पारंपरिक वेशभूषा में विराजमान होगी।

# डोंगरी में सरई पेड़ के पास विराजित देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्त

**बलौदा।** क्षेत्र की सुप्रसिद्ध मां सरई श्रृंगारिनी देवी मंदिर डोंगरी में नवरात्र पर्व की तैयारी पूर्ण हो गई। आज से मंदिर में भक्तों का आना शुरू हो गया। बलौदा ब्लॉक के ग्राम डोंगरी में मां सरई श्रृंगारिणी एक सरई के पेड़ में विराजमान हैं।

अंचल में मां सरई श्रृंगारिणी के प्रति अपार श्रद्धा व विश्वास है। देवी के चमत्कार महिमा से अभिभूत होकर प्रतिवर्ष यहां हजारों की संख्या में ज्योति कलश जलाई जाती है। यहां सरई के ऊंचे-ऊंचे चारों ओर पेड़ हैं। नवरात्र में यहां माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। बुजुर्गों के अनुसार यहां लगभग 100 साल पहले यह पूरा क्षेत्र जंगल था। एक मान्यता के आधार पर ग्राम भिलाई का एक



व्यक्ति इसी तरह के जंगल में पेड़ काटने आया। मशक्कत कर वह एक पेड़ काट लिया। कटे हुए पेड़ को बैलगाड़ी में भरकर ले जा रहा था, तभी बैलगाड़ी का पहिया टूट गया। शाम होने के कारण वह व्यक्ति कटे हुए पेड़ व बैलगाड़ी को वही छोड़कर अपने गांव वापस आ गया। दूसरे दिन सुबह होते ही वह व्यक्ति कटे हुए सरई पेड़ को लेने जंगल पहुंचा तो देखा कि कटा हुआ पेड़ पुनः उसी जगह पर खड़ा हो गया था। वह व्यक्ति इसे देखकर भय के कारण अपना गांव वापस आया और लोगों को आपबीती बताई। गांव के कई लोग जंगल पहुंचे और यह सब देखकर आश्चर्यचकित रह गए। तभी लोगों ने माना की सरई के पेड़ में मां विराजती है। इसी दिन से उस स्थान को लोग सरई श्रृंगारिणी के नाम से जानने लगे। यहां सरई श्रृंगारिणी सरई पेड़ के रूप में विराजमान हैं।

# भगवती की आराधना करने गरबा में थिरकेंगे लोग



**चांपा।** नगर की संस्कृति, परंपरा और आधुनिक सृजनशीलता को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से आगामी 24 और 25 सितंबर को उमा उत्सव वाटिका में भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मॉर्निंग वॉक योग समिति के तत्वाधान में हो रहे इस आयोजन को लेकर महिलाओं और बालिकाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।अब तक 100 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन करा लिया है, जिनमें गृहिणियां, छात्राएं और कामकाजी महिलाएँ शामिल हैं। यह आयोजन केवल एक नृत्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और पारिवारिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। महोत्सव की तैयारियों के तहत प्रतिदिन संध्या समय मारुति टाउनशिप में प्रशिक्षण सत्र चल रहे हैं, जहाँ प्रतिभागियों को डांडिया की पारंपरिक मुद्राएँ, मंचीय प्रस्तुति, तालमेल और समूह नृत्य की बारीकियाँ सिखाई जा रही हैं।

## पानी का पाइप निकालने से मना करने पर एसबीआई कर्मचारी से मारपीट

**बिलासपुर।** पानी भरने के दौरान पाइप निकालने को लेकर हुए विवाद पर किरायेदारों ने एसबीआई कर्मचारी से मारपीट की। विनोबानगर आर-2 में जगत पाल सिंह का मकान है। यहां एसबीआई क्रेडिट डिपार्टमेंट में काम करने वाली दीपाली सलूजा (30) किराये से रहती हैं। मकान में और भी किरायेदार हैं। 20 सितंबर की शाम दीपाली पानी भरने के लिए नीचे आई थी।

इस दौरान दूसरी किरायेदार महिलाएं व लड़कियां भी पानी भर रही थीं। इसी दौरान एक लड़की ने पाइप निकाल दी। इसका विरोध करने पर लड़कियों व अन्य महिलाओं ने पहले दीपाली से गाली-गलौज की, फिर उसके बाल पकड़कर मारपीट की। शोरगुल सुनकर दीपाली की मां यशोदा सलूजा बाहर आईं तो उनसे भी गाली-गलौज और मारपीट की। मारपीट में दीपाली के बाएं हाथ की कलाई, कंधे, सिर, नाक व होंठ पर चोट आई है।

# अग्रसेन जयंती पर कई रंगारंग आयोजन ने जीता दिल

**सक्ती।** अग्रसेन जयंती महामहोत्सव समिति द्वारा शुभम भवन में सभी अग्र बंधुओं के लिए आनंद मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में स्वादिष्ट और लजीज व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया था। गुपचुप, चाट, पावभाजी, डोमिनोज पिज्जा, भेल और आइसक्रीम जैसे कई पकवानों का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया।



खानपान के साथ-साथ बच्चों और बड़ों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के रोचक खेल भी आयोजित किए गए। डीजे साउंड सिस्टम की धुनों पर उपस्थित लोगों ने उल्लासपूर्वक समय बिताया। पूरे आयोजन स्थल पर समिति द्वारा लाजवाब व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी आगंतुकों ने आनंद और संतुष्टि का अनुभव किया। अग्रवाल सभा अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने मेले का लुत्फ उठाया और अग्रसेन जयंती समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल व उनकी पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए उनका हौसला अफजाई की। इस अवसर पर अग्रसेन जयंती समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज सक्ती के सभी लोगों का सहयोग और आशीर्वाद हमें लगातार मिल रहा है, जिससे हमें अग्रसेन जयंती महामहोत्सव जैसे समाज के कार्यक्रमों को करने में और भी बल मिलता है।

# घट स्थापना के साथ नवरात्र पर जलेंगे ज्योति कलश



**रायगढ़।** जिले में आज 22 सितंबर से नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत जलाए जाएंगे। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया भी गया है। बंजारी मंदिर में कलश यात्रा निकाली गई। वहीं बूढ़ी माई मंदिर में नवरात्रि को लेकर सुबह पूजा-अर्चना की जाएगी।

एक दिन पहले बंजारी मंदिर में तराईमाल से कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान माता के जसगीत चल रहे थे। यज्ञाचार्य पंडितों के साथ यजमान ने विधि विधान के साथ जलदेव का पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई।

जिसमें 5 कर्मा नृत्य दल के साथ कलश यात्रा में 500 से अधिक महिलाएं-युवतियां शामिल हुई। यात्रा गांव से 3 किमी भ्रमण करते मां बंजारी धाम में कलश स्थापना की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं भंडारा प्रसाद खिलाया गया। वहीं सोमवार को मनोकामना दीप गृह में हजारों ज्योत प्रज्वलित किए जांएगे। मंदिर में 30 सितम्बर को अष्टमी पूजा, 1 अक्टूबर महानवमी सामूहिक हवन-पूजन, कन्या भोज महाभंडारा किया जाएगा।

## अनमोल वचन......

जिन्दगी के लक्ष्य में प्राप्ती करते समय सिर्फ 2 सोच रखनी चाहिए
अगर रास्ता मिल गया तो ठीक, नहीं तो रास्ता में खुद बना लूँगा।

# शंका या संदेह पालना बेमानी

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कानून का पालन कर रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसका यही मानना है, और इसी के साथ हम आगाह करना चाहते हैं कि इस प्रक्रिया में किसी भी अवैधता की स्थिति दिखी तो समूची प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा। इसी के साथ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की और इस कवायद पर 'टुकड़ों में राय' देने से इंकार कर दिया।*

*यह भी स्पष्ट किया कि 'बिहार एसआईआर पर हमारा फैसला पूरे भारत में एसआईआर के लिए मान्य होगा' और यह भी स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत भारत निर्वाचन आयोग को देश भर में मतदाता सूची में संशोधन के लिए इसी तरह की प्रक्रिया शुरू करने से रोक नहीं सकती। अदालत ने भी साफ कर दिया कि 30 सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से मामले के फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दरअसल, याचिकाकर्ताओं में से एक ने दलील दी थी कि उसे लगता है कि निर्वाचन आयोग यह प्रक्रिया समूचे देश में अपनाए जाने की तैयारी कर रहा है। वैसे इस बाबत कोई शंका या संदेह पालना बेमानी है। मतदाता सूची में संशोधन करने के लिए निर्वाचन आयोग कवायद करता रहता है, जो जरूरी भी है। मतदाता सूची अद्यतन होनी ही चाहिए। कुछ राजनीतिक दलों का आरोप है कि संशोधन की आड़ में बड़े स्तर पर मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। इसे लेकर उनने वोट अधिकार यात्रा भी निकाली और इस मुद्दे पर बिहार में माहौल को गरमाने की कोशिश कर रहे हैं। बेशक, चुनाव से ऐन पहले इस प्रकार की कवायद संदेह पैदा करती है। इस कवायद की टाइमिंग को लेकर सवाल उठे हैं और पहली नजर में सही दिखलाई पड़ते हैं। फिर, जिस प्रकार आयोग ने मतदाता की वैधता के लिए जिन जरूरी दस्तावेज को मानने की बात कही उनमें पहले तो मतदाता पहचान पत्र को वैधता का आधार मानने से ही इंकार कर दिया था।*

*शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद ही वह इस दस्तावेज को मताधिकार की वैधता के रूप में पहचान पर राजी हुआ। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर तमाम राजनीति भले हो रही है, लेकिन यकीन के साथ कहा जा सकता है कि पूरी निगहबानी में इसे अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।*

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको व्यापारिक लाभ कमाने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा,आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज ऑफिस में थोड़ा ज्यादा काम रहेगा , जिसकी वजह से आपको शारीरिक थकान हो सकती हैं। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आप कारोबार से जुड़े मामलों पर ध्यान देंगे और उसे आगे बढ़ाने में किसी की मदद लेंगे। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज इस राशि की महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिसमें कलीग का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आज आप कंस्ट्रक्शन से जुड़े कार्यो में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह ले सकते हैं, जिससे आपका काम अच्छा और आसानी से हो जायेगा। आज आपको किसी परिजन की तरफ से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको रोजगार के तमाम बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे और आपकी आय के नए स्त्रोत भी बनेंगे, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप अपने सहकर्मियों के साथ मित्रवत व्यवहार करें, तो आने वाले समय में वो आपका अच्छा लाभ करायेंगे। यदि आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो धीरे धीरे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप पेंडिंग कार्यों को निपटाने के लिए किसी करीबी की मदद ले सकतें हैं। आज आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप कुछ समय मित्रों के साथ बितायेंगे और किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी इंज्वॉय करेंगे। आज आप पैतृक सम्पत्ति को लेकर अपने कजिन से बात कर सकते हैं, जिसमें वो आपको अच्छी सलाह देंगे।

तुला राशि आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार में डबल मुनाफा कमायेंगे और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सफल बनेंगे। आज आपको बडों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपके काम में उन्नति होगी और आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना बन रही है, आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

वृश्चिक राशि आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जिसका जल्द ही आपको पॉजिटिव रिस्पांस मिलेगा। आज आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आज आपको किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा , जिससे आपके दिल का बोझ कम होगा। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

धनु राशि आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यापारिक लाभ कमाने के साथ साथ अपने खर्चों के ऊपर भी ध्यान दें। आज आप कोई भी निर्णय लेने से पहले उस पर सोच विचार करें और घर के बडों से भी सलाह मशवरा कर सकते हैं । इस राशी के राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा।

मकर राशि आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपकी योजनाओं को सही दिशा मिलेगी, जिससे वो अपने उद्देश्य की तरफ आगे बढेंगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो काम में आपकी मदद करेंगे। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही रुकावटों से छुटकारा मिलेगा, जिससे आपको खुशी होगी।

कुम्भ राशि आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यावसायिक रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए कुछ अहम फैसले करेंगे, जिससे आपका बिजनेस अच्छा चल सके। आज आप इन्वेस्टमेंट के मामलों में किसी आर्थिक सलाहकार की मदद ले सकते हैं। इस राशि के छात्र आज प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे जिसमें स्कूल प्रशासन आपकी पूरी हेल्प करेगा।

मीन राशि आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज ऑफिस में बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे और जूनियर भी आपसे कुछ सीखने का प्रयास करेंगे। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

# विचारों को मूर्त रूप प्रदान करना : मोदी का अंदाज

//हसमुख अधिया//

**नरेन्द्र मोदी की यात्रा के मूल में एक विशेष आदत: अनवरत अवलोकन निहित है। वह प्रत्येक मुलाकात को विचारों के स्रोत के रूप में देखते हैं, चाहे वह सामान्य बातचीत हो या विदेश यात्रा। लेकिन इन्हें नवीनता या अकादमिक विचार मानने वाले अनेक लोगों के विपरीत, मोदी इनमें से प्रत्येक विचार को संभावित समस्या के मूल कारण के आधार के तौर पर परखते हैं और फिर उसे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल समाधान में ढालते हैं। जिज्ञासा, विश्लेषण और प्रभावी क्रियान्वयन के इसी मिश्रण ने उन्हें जमीनी स्तर के आयोजक से एक वैश्विक राजनेता के रूप में स्थापित किया है।**

वास्तव में, मोदी के लिए सीखना कभी उम्र का मोहताज नहीं रहा। बचपन से ही, उनमें सहज जिज्ञासा थी और वे विविध कहानियों और अनुभवों को आत्मसात करते और तलाशते थे। जीवन भर उनका यही विश्वास रहा है कि जिज्ञासा हर स्तर पर को सीखने को बढ़ावा देती है। यहाँ तक कि उनकी जिम्मेदारियाँ जब क्षेत्रीय नेतृत्व से राष्ट्रीय पद तक बढ़ गई, इसके बावजूद, ऐसी नियमित मुलाकाते उनके मन में विचारों को जन्म देती रहीं और छोटी-छोटी बातें सीख में बदल गईं, जो वर्षों बाद, ऐन कार्रवाई करने का समय आने पर ही फिर से उजागर हुईं।

किशोरावस्था में, ज्ञान की इसी ललक ने उनकी यात्रा का आगाज़ किया। पहले-पहल आध्यात्मिक साधक के रूप में और बाद में एक समर्पित संघ प्रचारक के रूप में उन्होंने समूचे भारत की यात्रा की और ऐसे अनुभव बटोरे, जिन्होंने दुनिया को देखने-समझने की उनकी दृष्टि को आकार दिया। हर बातचीत उनके लिए कुछ नया सीखने का अवसर थी।

लेकिन जो बात उन्हें दूसरों से जुदा करती है, वह यह है कि यह सूझबूझ केवल सैद्धांतिक नहीं रही; अवसर पाते ही, उन्होंने इसे क्रियान्वित किया। हालाँकि, समस्या-समाधान की यह कला अक्सर अप्रत्याशित तरीकों से सामने आती रही। उदाहरण के लिए, काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान, उन्होंने देखा कि कर्मचारी संगमरमर के ठंडे फर्श पर नंगे पाँव काम कर रहे थे और उन्होंने तुरंत उन कर्मचारियों के लिए जूट की चप्पलों का प्रबंध कर दिया, यह एक आसान उपाय था, जो सर्दी और आने वाली गर्मी, दोनों के लिए कारगर रहा। एक अन्य घटना में, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जापान की अपनी यात्रा के बाद, उन्होंने स्पर्शनीय मार्गचिन्ह (उभरी हुई सतह) की अवधारणा शुरु की। दृष्टिबाधित लोगों के लाभ के लिए उन्होंने इसे अहमदाबाद में लागू करने पर ज़ोर दिया। ये संकेत उनकी एक अनवरत आदत को जाहिर करते हैं: अनदेखा कर दी गई बारीकियों को दैनिक जीवन को आसान बनाने वाले व्यावहारिक सुधारों में बदलना।

उनके कुछ विचार बीते दशकों की याद दिलाते हैं। 1993 में लॉस एंजिल्स की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने फाइनेंशियल हाई-राइजिज के समूहों का अध्ययन किया; वर्षों बाद, उन्हीं विचारों ने गुजरात में गिफ्ट सिटी को भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को केंद्रीकृत करने के केंद्र के रूप में प्रेरित किया। इसी जिज्ञासा ने अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट को आकार दिया, जहाँ उन्होंने अधिकारियों से दुनिया भर की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करवाया, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया कि अंतिम डिज़ाइन स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित रहे। उनके अनुसार, ग्लोबल मॉडल तभी मायने रखते हैं, जब उन्हें पहले स्थानीय समुदायों की सेवा के लिए अनुकूलित किया जा सके। इस पद्धति में, कोई भी अवलोकन कभी भी सराहना किए योग्य अलग-थलग विचार नहीं होता, बल्कि यह एक रिसोर्स बैंक की तरह होता है, जो परिस्थितियों के अनुकूल होने पर लौटकर आता है, और संग्रहीत विचारों को विशाल परियोजनाओं में परिवर्तित कर देता है।

2002 में, कच्छ में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मोदी ने आपदा से निपटने में इस पद्धति को अपनाया। उन्होंने नियमित नौकरशाही मॉडलों को नकारते हुए अपनी टीम को जापान के कोबे भूकंप प्रबंधन का अध्ययन करने और उसके योजनाकारों से संपर्क करने का निर्देश दिया। लेकिन उनका विचार स्पष्ट थाः मॉडलों को पूरी तरह से आयातित नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, इन जानकारियों को गुजरात के लिए तत्काल आवश्यकता वाले समाधानों जैसे भूकंपरोधी आवास, सुरक्षित निर्माण पद्धतियाँ और सामुदायिक भागीदारी- में ढाला गया। भारत में यह पुनर्वास के लिए एक मानक बन गया, जिसने दिखाया कि कैसे एक संकट अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान को भारतीय पहल के साथ मिलाने का परीक्षण स्थल बन सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने इसी क्रम को जारी रखा, दक्षिण कोरिया में नदी-सफाई परियोजनाओं का दौरा इसी इरादे से किया, कि उनसे प्राप्त सबक को नमामि गंगे में लागू किया जा सके।

भारत के भीतर से उभरने वाले विचारों के प्रति भी उन्होंने उतना ही उत्साह दिखाया है। इसका उल्लेखनीय उदाहरण नैनो यूरिया है, जो एक युवा वैज्ञानिक द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए सुझाव से उपजा नवाचार है। मोदी ने तुरंत इसकी क्षमता को पहचाना और इसके विकास पर ज़ोर दिया। आज, इसकी एक छोटी बोतल पारंपरिक उर्वरक की एक बोरी की जगह ले सकती है, जिससे लागत में कमी आती है और किसानों का बोझ कम होता है। यही खुलापन सरकारी कार्यक्रमों को भी आकार देता हैः जब वित्तीय समावेशन योजना के नामकरण के लिए जनता की प्रतिक्रिया मांगी गई, तो नागरिकों ने ही जन धन शब्द गढ़ा। वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए मोदी ने दिखाया कि कैसे घरेलू विचारों को राष्ट्रीय समाधानों में बदला जा सकता है।

ये कहानियाँ मिलकर मोदी के जीवन के एक अनवरत सूत्र को उजागर करती हैं। मंदिर में मामूली प्रतीत होने वाली असुविधा को दूर करने से लेकर, एक आधुनिक शहर की रूपरेखा तैयार करने, किसी तबाह क्षेत्र के पुनर्निर्माण या किसी क्रांतिकारी उर्वरक को अपनाने तक, उनकी प्रक्रिया एक समान ही रही हैः स्थिति का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना, लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान करना और उसे पूरा करने के लिए निर्णायक रूप से कार्य करना।

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः (प्रत्येक दिशा से कल्याणकारी विचार हमारी ओर आएँ) के भारतीय दर्शन का पालन करते हुए, मोदी हर यात्रा और संवाद से सक्रिय रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं और भारत को आगे बढ़ाने के लिए उनका उपयोग करने का दृढ़तापूर्वक प्रयास करते हैं। अंततः, उनका हर विचार लोगों के लिए होता है, उनके जीवन और विकसित भारत की उनकी आकांक्षाओं में निहित होता है।

# विकास और विश्वास के नये धरातल पर खड़ा बस्तर

//आभा मिश्रा//

**किसी भी राज्य में औद्योगिक विस्तार और निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति और जनता में सरकार के प्रति भरोसा। छत्तीसगढ़ अपने जन्म के समय से ही नक्सलवादी हिंसा से जूझता रहा है। खासतौर पर बस्तर का इलाका तो छत्तीसगढ़ बनने से पहले भी नक्सलवादियों का गढ़ रहा है।**

विकास की कमी और आम जनता पर नक्सलियों की पकड़ ने इस क्षेत्र को हमेशा पीछे रखा, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। आदिवासी बहुल इस प्रदेश में विष्णु देव साय के प्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बनने का असर अब साफ दिखने लगा है। राज्य पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ मिलकर नक्सलियों पर काफी हद तक न केवल नकेल कसी है बल्कि आदिवासी होने के नाते मुख्यमंत्री साय में राज्य के लोगों का भरोसा भी बढ़ रहा है।यही वजह है कि बस्तर अब भय और पिछड़ेपन से निकलकर विकास और विश्वास के नये धरातल पर खड़ा है और शांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कभी उपेक्षा और अभाव की पहचान से जूझने वाला यह क्षेत्र अब निवेश, अवसर और रोजगार का नया केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री के प्रति प्रदेश के लोगों में बढ़ता भरोसा और केंद्र सरकार के नक्सल विरोधी अभियानों से न केवल इस क्षेत्र में उद्योग और शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, कृषि और पर्यटन तक हर क्षेत्र में बदलाव दिखने लगा है, बल्कि उम्मीद और विश्वास की नई किरण जगी है। पिछले 20 महीनों में मुख्यमंत्री बस्तर के 100 से अधिक इलाकों का दौरा कर चुके हैं। इन दौरों ने जनता में उनकी विसनीयता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्षेत्र में नक्सलवाद पर नियंत्रण ने विकास कार्य की राह सुगम की है। इसी का नतीजा है कि बस्तर संभाग के जगदलपुर में पहली बार 350 बेड का मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जा रहा है। इस पर 550 करोड़ रुपये की लागत आएगी और 200 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इसी क्रम में जगदलपुर में नवभारत इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा 85 करोड़ रुपये के निवेश से 200 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और 33 करोड़ रुपये के निवेश से एक अन्य मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाया जा रहा है।यहां पर 7.65 करोड़ रुपये के निवेश से नमन क्लब एवं वेलनेस सेंटर भी शुरू होने जा रहा है। इन परियोजनाओं से बस्तर में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं वेलनेस का विस्तार होगा और सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा। यहां की जनता भी अब हिंसा से ऊब कर इस नये बदलाव को सहर्ष स्वीकार कर रही है। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और इसे 'धान का कटोरा' कहा जाता है, लेकिन यहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का विस्तार जरूरत के अनुसार नहीं हो पाया।

मुख्यमंत्री ने इस कमी की भरपाई करने की योजना बनाई और इसी के तहत बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर, बस्तर और कोण्डागांव जिलों में आधुनिक राइस मिल और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना की जा रही है। रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024 के अंतर्गत 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली या 1000 से अधिक रोजगार सृजित करने वाली परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।इस नीति में औषधि निर्माण, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, आईटी एवं डिजिटल तकनीक, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस व डिफेंस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। पर्यटन को भी उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है। इसके तहत बस्तर में होटल, इको-टूरिज्म, वेलनेस सेंटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और खेल सुविधाओं जैसी परियोजनाओं पर 45 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक प्रदेश सरकार के पास लगभग 6 लाख 65 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। बस्तर में न केवल नक्सलियों की गतिविधियों को कमजोर किया गया है, बल्कि विकास का माहौल भी तेजी से बन रहा है। पिछले 20 महीनों में 65 नये सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं, जिनसे दुर्गम इलाकों में सुरक्षा का दायरा बढ़ा है और ग्रामीणों में आत्मविश्वास की भावना मजबूत हुई है। आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों के लिए घोषित नई पुनर्वास नीति ने उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का बेहतर अवसर प्रदान किया है। नई नीति में वित्तीय सहायता बढ़ाई गई है और आवास व भूमि का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। नई नीति में आत्मसमर्पण करने वालों को तीन वर्षो तक प्रतिमाह 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता, शहरी क्षेत्र में चार डिसमिल जमीन या ग्रामीण क्षेत्र में एक हेक्टेयर कृषि भूमि उपलब्ध कराने का फैसला विष्णु देव साय सरकार ने किया है। इसी तरह, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक 90,273 युवाओं को विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से 39,137 युवाओं को रोजगार मिला है।

# अडाणी को क्लीन चिट मिलने के बाद क्या अब हिंडनबर्ग और राहुल गांधी माफी मांगेंगे

हम आपको याद दिला दें कि हिंडनबर्ग ने अपने तथाकथित रिसर्च रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन और फर्जी अकाउंटिंग के आरोप लगाए। रिपोर्ट ऐसे समय में जारी की गई जब अडाणी एंटरप्राइजेज अपना 20,000 करोड़ रुपये का मेगा पब्लिक ऑफर लाने जा रही थी।

जनवरी 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय उद्योग जगत के सबसे बड़े नामों में शुमार अडाणी समूह पर गंभीर आरोप लगाए। आरोपों का स्वरूप इतना सनसनीखेज था कि देखते ही देखते शेयर बाज़ार में भूचाल आ गया। करोड़ों निवेशकों की मेहनत की कमाई रातों-रात डूब गई और भारत की वैश्विक आर्थिक साख पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश हुई। यह केवल एक कॉर्पोरेट विवाद नहीं था, बल्कि भारत की औद्योगिक प्रगति को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश थी।

हम आपको याद दिला दें कि हिंडनबर्ग ने अपने तथाकथित रिसर्च रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन और फर्जी अकाउंटिंग के आरोप लगाए। रिपोर्ट ऐसे समय में जारी की गई जब अडाणी एंटरप्राइजेज अपना 20,000 करोड़ रुपये का मेगा पब्लिक ऑफर लाने जा रही थी। इसका सीधा असर यह हुआ कि निवेशकों का विश्वास हिल गया और शेयरों में भारी गिरावट दर्ज हुई। चिंता की बात यह थी कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने भी इस रिपोर्ट को सच मानकर इतना दुष्प्रचार किया मानो पूरा अडाणी समूह भ्रष्टाचार और घोटालों का अड्डा हो। संसद से लेकर सड़क तक इस रिपोर्ट को हथियार बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हुई। इस राजनीतिकरण ने विदेशी निवेशकों में भी भ्रम फैलाया और भारत के कॉर्पोरेट जगत की विश्वसनीयता पर आघात पहुँचा। लेकिन लगभग दो साल की लंबी और गहन जाँच के बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने साफ कह दिया है कि अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और आधारहीन थे। जाँच में पाया गया कि जिन वित्तीय लेन-देन को हिंडनबर्ग ने फर्जी बताया, वे सब कानूनी रूप से वैध ऋण और पुनर्भुगतान थे। न तो धन का गबन हुआ, न ही किसी अवैध पार्टी को फायदा पहुँचाया गया। यहाँ तक कि जाँच के दौरान लिए गए सभी ऋण ब्याज समेत वापस किए गए। SEBI ने अपने आदेश में यह भी कहा कि इन लेन-देन को रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन या फर्जीवाड़ा नहीं कहा जा सकता। यानी, आरोपों का कोई कानूनी या आर्थिक आधार ही नहीं था। देखा जाये तो हिंडनबर्ग रिपोर्ट के चलते जो हुआ, वह किसी भी देश के उद्योग जगत के लिए चेतावनी है। अडाणी समूह के शेयरों में अचानक भारी गिरावट आई। छोटे-बड़े करोड़ों निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। यह नुकसान केवल अडाणी का नहीं था, बल्कि भारत के वित्तीय बाजार और निवेश माहौल का भी था।

गौतम अडाणी ने स्वयं कहा कि इस विवाद से उन्हें सबसे अधिक दुख इस बात का है कि आम निवेशकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यह कथन उनकी व्यक्तिगत पीड़ा को दर्शाता है और यह भी बताता है कि एक सुनियोजित झूठ कितनी बड़ी आर्थिक तबाही ला सकता है।देखा जाये तो हिंडनबर्ग की यह रिपोर्ट मात्र एक रिसर्च डॉक्युमेंट नहीं थी। यह स्पष्ट था कि इसके पीछे राजनीतिक और आर्थिक स्वार्थ छिपे हुए थे। एक तरफ अमेरिकी और पश्चिमी ताकतें भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि और उसके वैश्विक प्रभाव से चिंतित थीं, दूसरी तरफ कुछ घरेलू राजनीतिक दलों ने इसे अपने लाभ के लिए हथियार बना लिया। इस साजिश का परिणाम यह हुआ कि भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने की कोशिश हुई। विदेशी मीडिया ने भी इस विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया। परंतु समय ने साबित कर दिया कि यह सब केवल भारत की औद्योगिक क्षमता को चोट पहुँचाने का प्रयास था।अब जबकि सेबी की रिपोर्ट ने सभी आरोपों को झूठा सिद्ध कर दिया है, तो सबसे पहला कर्तव्य हिंडनबर्ग और उनके समर्थकों का बनता है कि वे भारत और निवेशकों से माफी मांगें। इसके साथ ही, भारत के विपक्षी दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या केवल राजनीतिक विरोध के लिए वे ऐसी अंतरराष्ट्रीय साजिशों का हिस्सा बन सकते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



मध्य प्रदेश के जबलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन समारोह के तहत 'नमो युवा रन' मैराथन में भाग लेते लोग।



उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के बाद खोज और बचाव अभियान के दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के जवान।




मलयालम फिल्म अभिनेता मोहनलाल को प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।



केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने तिरुवनंतपुरम में पार्टी कार्यालय में पार्टी नेता और पार्षद के अनिल कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।




ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने ड्रोन युद्ध का प्रशिक्षण लिया।



सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की परियोजना विजयक ने लद्दाख के कारगिल में अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया।



एनएचएआई के वाहन मनाली में पिछले महीने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए मनाली-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग की बहाली में लगे हुए हैं।

## कृषि, स्वास्थ्य, कपड़ा और... अ.00मत शाह ने बताया कैसे दे सकते हैं आत्मनिर्भर भारत के लिए



नईदिल्ली, 22 सितम्बर [एजेंसी]।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन में की गई अपील के अनुरूप, दैनिक उपयोग में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की अहम भूमिका होगी। शाह ने कहा कि विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कृषि, स्वास्थ्य, कपड़ा और मानव निर्मित रेशे जैसे क्षेत्रों में जीएसटी कम करने की पहल की गई है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आप भी अपने दैनिक उपयोग में स्वदेशी उत्पादों को अपना सकते हैं, हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बना सकते हैं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के दूरदर्शी शुभारंभ और जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी और कहा कि यह उत्सव वास्तव में नागरिकों को शासन के केंद्र में रखता है। चंद्रबाबू ने एक्स पर पोस्ट में कहा, त्योहारों के इस मौसम में अगली पीढ़ी का जीएसटी वास्तव में लोगों के लिए दोहरा उत्सव है, जिन्हें कम कीमतों, सरलीकृत करों और मजबूत व अधिक समावेशी अर्थव्यवस्था से सीधा लाभ होगा। उन्होंने सभी से स्वदेशी/स्थानीय उत्पादों को गर्व के साथ अपनाने और खरीदने का आग्रह किया ताकि हर दिन आत्मनिर्भरता व राष्ट्रीय गौरव की ओर एक कदम बन सके। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने प्रधानमंत्री मोदी के घरेलू विनिर्माण और भारतीय उत्पादों की मांग को बढ़ावा देने के आह्वान की सराहना की। परिसंघ ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन भारत के विकास पथ के लिए एक मील का पत्थर है, क्योंकि जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत आवश्यक और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर करों में कमी से परिवारों की प्रयोज्य आय में वृद्धि होगी और घरेलू मांग को बढ़ावा मिलेगा। ये सुधार घरेलू विनिर्माण और भारतीय उत्पादों की मांग को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा देंगे, जिससे स्वदेशी आंदोलन को नई गति मिलेगी।

# आज से लागू: क्या हुए बदलाव दुकानदारों पर पड़ेगा कोई असर



नईदिल्ली, 22 सितम्बर [एजेंसी]।

जीएसटी की नई दरें कल 22 सितंबर से लागू होने वाली है, जिसके तहत रोजमर्रा की चीजों के दामों में भारी गिरावट देखने को मिलेगी। इसका असर बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है। जीएसटी सुधार का असर बिहार से सबसे प्रसिद्ध धार्मिक त्योहार छठ पूजा और दिवाली से ठीक पहले आया है।इन जीएसटी सुधारों को पीएम मोदी ने खुशियों का डबल धमाका करार दिया है। नए जीएसटी दरों से नवरात्रि पर मां दुर्गा की मूर्तियों और छठ पूजा के लिए अन्य सामग्री जैसे सूप, दउरा और पूजन सामग्री सस्ती होने की पूरी संभावना है।दिवाली और छठ पूजा से पहले जीएसटी दरें कम होने से लोगों को अधिक खरीदारी करने का मौका मिलेगा, जिससे त्योहारी सीजन में बाजारों में रौनक बढ़ेगी। रोजमर्रा और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी से बिहार में आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 न केवल आम लोगों की जेब पर बोझ कम करेगा, बल्कि यह छठ और दिवाली जैसे पवित्र त्योहारों को और खास बनाएगा। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम है।बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इस सुधार को लागू करना भाजपा की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी को उम्मीद है कि यह कदम बिहार के मतदाताओं को लुभाने में मदद करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जहां छठ पूजा का व्यापक प्रभाव है।जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) पूरे भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर एकल अप्रत्यक्ष कर है।

यह उत्पाद शुल्क, वीएटी और सेवा कर जैसे कई करों की जगह लेता है, जिससे एक एकीकृत बाजार का निर्माण होता है। इस तारीख से, जीएसटी परिषद के निर्णयों के आधार पर, कई वस्तुओं और सेवाओं पर संशोधित जीएसटी दरें लागू होंगी। इन बदलावों का उद्देश्य दरों को सरल बनाना, विसंगतियां दूर करना और व्यवसायों व उपभोक्ताओं दोनों के लिए प्रणाली को आसान बनाना है। जीएसटी पंजीकरण की सीमाएं वही रहेंगी। केवल कुछ आपूर्तियों पर टैक्स की दरों में संशोधन किया जा रहा है। दरों में बदलाव से पहले जारी किए गए ई-वे बिल अपनी पूरी अवधि के लिए वैध रहते हैं। वैध ई-वे बिल के साथ पहले से ही चल रहे माल के लिए 22 सितंबर के बाद नए बिल की जरूरत नहीं है।हां। जीएसटी आपूर्ति की तिथि पर लगाया जाता है, खरीद की तिथि पर नहीं। इसलिए, भले ही स्टॉक पहले खरीदा गया हो, 22 सितंबर को या उसके बाद की गई किसी भी आपूर्ति पर नई दरें लागू होंगी। यह छूट सभी व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसी पर लागू होती है, जिनमें टर्म प्लान, एंडोमेंट पॉलिसी और यूएलआईपी शामिल हैं।

## कोलकाता में मैगजीन और कारतूस के साथ टीएमसी पार्षद गिरफ्तार

### मुंबई जाने वाली फ्लाइट में होने वाला था सवार



कोलकाता, 22 सितम्बर [एजेंसी]।

तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद को रविवार को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान में सवार होने की कोशिश करते समय उसके सामान में एक मैगजीन व 7.65 एमएम के छह कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया। तृणमूल कांग्रेस नेता का नाम शेख अमीनुल इस्लाम है, जो बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के पुजाली नगरपालिका के वार्ड संख्या 14 का पार्षद है। वह मुंबई के लिए एक घरेलू उड़ान में सवार होने वाला था। उसके सामान की स्कैनिंग के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों को आग्नेयास्त्र मिले। पार्षद इस बात का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका कि वह कारतूस और मैगजीन क्यों ले जा रहा था और उन्हें ले जाने के लिए अधिकृत कोई दस्तावेज भी नहीं दिखा सका। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।वहीं रविवार सुबह कोलकाता के चारु मार्केट क्षेत्र में एक जिम में गोलीबारी की घटना हुई, जब हेलमेट पहने दो अज्ञात व्यक्तियों ने जिम में प्रवेश किया और अपने साथ लाए गए हथियारों से कुछ राउंड फायरिंग की। हालांकि, गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। गोलीबारी के बाद, दोनों अपराधी मौके से भाग गए। पुलिस ने इस मामले की भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को संदेह है कि जिम का मालिक उनके निशाने पर था।

## यूपी में मौलाना की दाढ़ी खींच ली, लात-घूंसे भी मारे... भागलपुर के रहने वाले मस्जिद के इमाम की युवक ने की धुनाई



**अलीगढ़।** लोधा क्षेत्र के लखनपुरा भगवानपुर में शनिवार को मौलाना और एक युवक में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। मौलाना ने दाढ़ी खींचने का आरोप लगाया है। मूलरूप से बिहार के भागलपुर निवासी मुस्तकीम पांच वर्ष से परिवार के साथ जिरोलीडोर में रहते हैं। पड़ोसी गांव लखनपुरा भगवानपुर की मस्जिद में इमाम हैं। बच्चों को उर्दू सिखाते हैं।एसओ लोधा अंकित सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर मस्जिद वाले गांव के पास गांव के ही युवकों से मौलाना का विवाद हो गया। एक युवक ने उनके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों को ही चोट लगी है। मौलाना ने दाढ़ी पकड़कर खींचने और पाकिस्तान चले जाने की धमकी का भी आरोप लगाया है। एसओ के अनुसार दोनों घायलों का मेडिकल करा दिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एच-1बी वीजा फीस पर अफरा-तफरी के बीच अमेरिका से आई गुड न्यूज, सिर्फ नए आवेदकों...

नईदिल्ली, 22 सितम्बर [एजेंसी]।




एच-1बी वीजा पर एक लाख डालर का शुल्क लगाए जाने के बाद मची अफरा-तफरी के बीच ट्रंप प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह फीस सिर्फ एक बार देनी होगी और नए आवेदन पर लागू होगी। मौजूदा वीजा धारक या नवीनीकरण कराने वाले इसके दायरे में नहीं आएंगे। इससे अमेरिका में काम कर रहे भारतीय आईटी पेशेवरों समेत हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। इससे पहले कहा जा रहा था कि कंपनियों को एच-1बी वीजा रखने वाले कर्मचारियों के लिए हर साल एक लाख डालर (करीब 88 लाख रुपये) का भुगतान करना होगा। एच-1बी वीजा भारतीय आईटी पेशेवरों के बीच बहुत लोकप्रिय है। यह तीन वर्षों के लिए मान्य होता है और इसे तीन और वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। 21 सितंबर की रात 12.01 बजे से लागू शुल्क वृद्धि के आदेश से भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका जाना महंगा हो जाएगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की नई वीजा नीति सिर्फ उन नए आवेदनों पर लागू होगी, जो अभी तक जमा नहीं किए गए हैं। 21 सितंबर से पहले जमा किए गए आवेदन प्रभावित नहीं होंगे। जो लोग अभी अमेरिका के बाहर हैं, उन्हें भी देश में दोबारा प्रवेश के लिए फीस नहीं देनी होगी। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने बताया कि मौजूदा वीजा धारकों को यह शुल्क नहीं देना होगा। जिन लोगों को वीजा मिल चुका है या जिन्हें नवीनीकरण कराना है, उन्हें भी यह फीस नहीं देनी होगी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी श्रमिकों को प्राथमिकता देने का वादा किया था। यह समझदारी भरा कदम कंपनियों को सिस्टम का गलत इस्तेमाल करने और वेतन कम करने से रोकेगा। यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ एडलो ने एक ज्ञापन में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा जारी किया गया आदेश केवल उन आवेदनों पर लागू होगा जो अभी तक दाखिल नहीं किए गए हैं। यह घोषणा उन लोगों पर लागू नहीं होती जो पहले दाखिल आवेदनों के लाभार्थी हैं या जिनका आवेदन स्वीकार कर लिया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लिविट ने एक्स पर लिखा-स्पष्ट रूप से बता दें कि एक लाख डालर की फीस सालाना नहीं बल्कि एक बार की फीस है। यह शुल्क सिर्फ आवेदन के समय लिया जाएगा। जिनके पास पहले से एच-1बी वीजा है और जो अभी देश के बाहर हैं, उनसे दोबारा प्रवेश के लिए एक लाख डालर नहीं लिए जाएंगे।एच-1बी वीजा धारक पहले की तरह ही देश से बाहर जा सकते हैं और वापस आ सकते हैं। नियमों में बदलाव से उनकी इस सुविधा पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## कैमरे के अलावा ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी हर दस कदम पर तैनात होंगे सुरक्षाकर्मी



**गुरुग्राम।** श्री शीतला माता मंदिर में 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्रि मेला आयोजित किया जाएगा। श्री माता शीतला श्राइन बोर्ड ने इसके लिए विशेष तैयारियां की हैं। बोर्ड के सीईओ सुमित कुमार ने बताया कि 160 सीसीटीवी कैमरों के अलावा ड्रोन कैमरों से मंदिर के गर्भगृह और परिसर में हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।हर दस कदम पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे, जिनमें आठ घंटे की शिफ्ट में सिविल डिफेंस, पुलिस और होमगार्ड के जवान शामिल होंगे। मंदिर कर्मचारियों के अलावा 200 दिहाड़ी मजदूर और 200 स्वयंसेवक निशुल्क सेवाएं देंगे। श्रद्धालुओं का प्रवेश विशेष सुरक्षा जांच मशीनों के जरिए होगा। सीईओ सुमित कुमार ने बताया कि माता मंदिर के मेला मैदान में श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग निःशुल्क है। मंदिर के आसपास 50 यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। श्रद्धालु मेला मैदान में आने के लिए पुल का इस्तेमाल कर सकेंगे। पुल पर दो आपातकालीन द्वार लगाए गए हैं। इसके अलावा, आपातकालीन निकास के लिए मंदिर परिसर में तीन विशेष निकास द्वार बनाए गए हैं, जिनकी निगरानी पुलिस और होमगार्ड के जवान करेंगे। सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी।वीआईपी आगमन पर आम श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए उन्हें कोई असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने बताया कि अन्य श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए पुराने मंदिर से एक वीआईपी कॉरिडोर बनाया गया है। मंदिर में चार निकास द्वार हैं। परिसर में लगे 10 वाटर कूलरों से हर घंटे 1200 लीटर ठंडा पानी उपलब्ध रहेगा। प्रसाद वितरण के लिए एक समर्पित काउंटर भी बनाया गया है।

## बिहार के इस यूनिवर्सिटी में हुआ बड़ा घोटाला... MBA विभाग की सारी फाइलें जब्त




**नाथनगर (भागलपुर)।** बिहार के तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) के एमबीए विभाग में वित्त से संबंधित फाइलों को हाल ही में जब्त किया गया है। प्रारंभिक जांच में वित्तीय अनियमितता के गंभीर मामले सामने आए हैं। सभी पास किए गए बिलों पर केवल दो अधिकारियों और विभाग के निदेशक के हस्ताक्षर हैं। कुलसचिव के हस्ताक्षर किसी भी बिल पर नहीं हैं। शनिवार को प्रभारी कुलपति प्रो. विमलेंदु शेखर झा ने जब्त फाइलों को मंगवाया और एमबीए विभाग के निदेशक को पूछताछ के लिए बुलाया। कुलपति इन फाइलों की गहन जांच कर रहे हैं और रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के सूत्रों के अनुसार, जांच के दायरे में कुछ अन्य अधिकारियों के भी आने की संभावना है। रिपोर्ट तैयार होने के बाद इसे राजभवन को भेजा जाएगा, जहां कार्रवाई के लिए निर्देश मांगे जा सकते हैं। कुलसचिव प्रो. रामाशीष पूर्वे ने बताया कि एमबीए विभाग से जब्त की गई फाइलें प्रभारी कुलपति को सौंप दी गई हैं। राजभवन ने 17 सितंबर को 24 मामलों की शिकायत का पत्र टीएमबीयू को भेजा था, जिसमें पूर्व छात्र संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा की गई शिकायत भी शामिल है। राजभवन ने सभी मामलों में विश्वविद्यालय से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है।सूत्रों के अनुसार, प्रभारी कुलपति ने फाइलों की जांच के दौरान पाया कि कुछ मामलों में भुगतान किया गया है, जबकि उस समय कुलपति रहे प्रो. जवाहर लाल के नीतिगत निर्णय पर राजभवन ने रोक लगा रखी थी। राजभवन ने 24 मई 2025 को पत्र जारी कर पूर्व कुलपति के नीतिगत निर्णयों पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद एमबीए विभाग को भुगतान किया गया है। ऐसे और भी मामले सामने आने की संभावना है। गौरतलब है कि पिछले सोमवार की देर शाम विश्वविद्यालय के अधिकारियों की टीम ने एमबीए विभाग में जाकर विभिन्न अलमारियों से किताबों की खरीद, फर्नीचर, पर्दे, डीजी जेनरेटर और ताले की खरीद से संबंधित फाइलें जब्त की थीं। ये सभी खरीदारी पूर्व कुलपति प्रो. जवाहर लाल के कार्यकाल में की गई थीं। विभाग के पूर्व छात्र संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कुलाधिपति को लिखित शिकायत की थी, जिसमें पुस्तक और फर्नीचर खरीद में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया गया था।

## अमेरिका विरोध के बीच ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने दी फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता



नईदिल्ली, 22 सितम्बर [एजेंसी]।

गाजा में युद्ध खत्म करने का अल्टीमेटम न मानने पर रविवार को ब्रिटेन ने स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दे दी है। कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की घोषणा की है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने कहा, कई बार कहने के बावजूद इजरायल ने गाजा की स्थिति में सुधार के लिए कुछ नहीं किया।ब्रिटेन ने अमेरिका के विरोध के बावजूद यह कदम उठाया है। अब अमेरिका के साथ ही इजरायल भी ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के निर्णय से नाराज है। स्वतंत्र फलस्तीन को मान्यता देना काफी हद तक सांकेतिक है लेकिन इसके जरिये इजरायल पर गाजा युद्ध जल्द खत्म करने के लिए दबाव बनाने की मंशा है।ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने एक्स पर जारी संदेश में कहा, आज हम फलस्तीनियों और इजरायलियों के बीच शांति की संभावना बढ़ा रहे हैं। हम दो राष्ट्र सिद्धांत को मानते हुए स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दे रहे हैं। इस निर्णय के साथ ही ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया विश्व के उन 140 देशों से ज्यादा देशों के समूह में शामिल हो गए हैं जिन्होंने स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी है। भारत यह मान्यता पहले ही दे चुका है। ब्रिटेन के फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद इजरायल राष्ट्र के गठन में उसका बड़ा योगदान था।

फ्रांस, जर्मनी सहित करीब दस देश संयुक्त राष्ट्र आमसभा की बैठक के दौरान चालू सप्ताह में स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। लंदन में ब्रिटिश मिशन के प्रमुख हसम जोमलोट ने कहा है कि ब्रिटेन ने यह घोषणा कर अपनी लंबित जिम्मेदारी को पूरा किया है। हमें लंबे समय से ब्रिटेन से इस मान्यता के लिए अपेक्षा थी। यह न्याय, शांति और ऐतिहासिक गलतियों के सुधार के लिए उठाया गया कदम है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में कहा था कि धरती पर कभी भी स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र नहीं बनेगा। उन्होंने कहा है कि जो देश फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा दे रहे हैं वास्तव में वे हमास के राक्षसी आतंकवाद को पुरस्कृत कर रहे हैं।

## एयर डिफेंस सिस्टम, एंटी-शिप मिसाइल और ड्रोन... भारतीय नौसेना की बढ़ने वाली है इतने गुना ताकत



**नई दिल्ली।** समुद्र के साथ-साथ जमीन और आसमान में अपनी ताकत को कई गुना बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना अब तक के सबसे बड़े डिफेंस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने जा रही है। इसके तहत चार बड़े आकार के एंफीबियस युद्धपोत तैयार किए जाएंगे। इन पर 80 हजार करोड़ की लागत आएगी। इसके लिए जल्दी ही टेंडर जारी किए जाने की संभावना है।एंफीबियस युद्धपोत जमीन और समुद्र में देश की सामरिक क्षमता को कई गुना बढ़ा देंगे। इन युद्धपोतों को लैंडिंग प्लेटफॉर्म डाक (एलपीडी) भी कहा जाता है। इन पर हाइटेक एयर डिफेंस सिस्टम लगाया जाएगा। इससे ये युद्धपोत किसी भी तरह के हवाई हमलों से सुरक्षित रहेंगे। इसके अलावा, इनमें लंबी दूरी की एंटी-शिप मिसाइल और ड्रोन जैसी आक्रामक क्षमताएं भी होंगी। नौसेना युद्धपोतों से फिक्स्ड-विंग नेवी ड्रोन संचालित करने की क्षमता भी विकसित करना चाहती है। साथ ही इन ड्रोन को कमांड और कंट्रोल सेंटर के तौर पर भी इस्तेमाल करना चाहती है ताकि समुद्र से सतह पर लंबे समय तक आपरेशन चलाया जा सके।रक्षा अधिकारियों ने बताया कि नौसेना के प्रस्ताव पर विचार के लिए जल्दी ही उच्च स्तरीय बैठक की जाएगी।

यह परियोजना देश में सतह के युद्धपोतों के निर्माण के लिए सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक होगी।इस अनुबंध में भारतीय शिपबिल्डर्स प्रमुख भूमिका निभाएंगे, जिसमें एलएंडटी, मजगांव डाकयार्ड, कोचिन शिपयार्ड और हिंदुस्तान शिपबिल्डर्स लिमिटेड जैसे प्रमुख दावेदारों की भागीदारी देखने को मिल सकती है। अंतरराष्ट्रीय शिपबिल्डर्स जैसे नवांटिया, नेवल ग्रुप और फिनकांटियरी को युद्धपोतों के डिजाइन के लिए साझेदार बनने की संभावना है। ये युद्धपोत देश में ही बनाए और एकीकृत किए जाएंगे। नौसेना चाहती है कि इन युद्धपोतों में दायरे से हटकर आकस्मिक अभियान चलाने की भी क्षमता हो। साथ ही संचालन क्षेत्र में बड़े आकार के सैन्य बलों को ले जाने और तैनात करने की खूबी हो।

# विवादों के चक्रव्यूह में घिरते जा रहे तेजस्वी यादव, एनडीए की रणनीति बनेगी चुनौती



पटना, 22 सितम्बर [एजेंसी]।

तेजस्वी यादव की युवा अपील और सामाजिक न्याय की राजनीति उन्हें एनडीए के विरुद्ध मजबूत विकल्प बनाती है, लेकिन महागठबंधन की अस्थिरता, पारिवारिक कलह, कानूनी पचड़े और राजनीतिक विवाद उनकी छवि को विवादास्पद वारिस में बदल रहे।एक विवाद का अंत हुआ नहीं कि तेजस्वी दूसरे प्रपंच में उलझ जाते हैं। ताजा प्रकरण महुआ में उनकी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी गई गाली है। इससे पहले सलाहकार संजय यादव की कथित दखलअंदाजी को लेकर बहन रोहिणी आचार्य की नाराजगी और बड़े भाई तेजप्रताप यादव के पार्टी-परिवार से निष्कासन पर भी लांछन लग चुका है । एसआईआर पर निर्वाचन आयोग के विरुद्ध मुखर हुए तो दोहरे ईपिक के आरोपों की जद में आ गए। इंटरनेट मीडिया पर प्रधानमंत्री के आपत्तिजनक कार्टून पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में प्राथमिकी तक दर्ज हो चुकी है। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान भी दरभंगा में एक मंच से प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे गए। तब राजद ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया था कि मंच पर तेजस्वी नहीं थे। इस बार मंच पर तेजस्वी थे और नीचे गाली दी जा रही थी। हालांकि, राजद इसे मार्फ्ड आडियो-वीडियो बता रहा, लेकिन भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। यह मामला अभी और तूल पकड़ेगा। बिहार अधिकार यात्रा के दौरान खगड़िया में तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य और उनकी शासन-पद्धति को लेकर अप्रिय टिप्पणियां कीं। भाजपा ने उसे नीचता बताया।2023 में भी ऐसे ही एक बयान (केवल गुजराती ही गुंडे) के लिए उनकी सर्वत्र आलोचना हुई थी। तेजस्वी के लिए ये दाग अच्छे हैं या बुरे, निःसंदेह इसका निर्धारण चुनाव परिणाम से होगा, लेकिन एनडीए की मजबूत रणनीति और जंगलराज की छाया उनके लिए चुनौती हैं। एक्स पर समर्थक उनकी यात्रा की प्रशंसा करते हैं, जबकि आलोचक संस्कारहीनता का आरोप लगा रहे। विरोधाभास के बावजूद, यादवों और मुसलमानों के साथ युवाओं में तेजस्वी ने अपनी लोकप्रिय छवि बनाई है। सी-वोटर सर्वे के अनुसार, वे मुख्यमंत्री पद के सर्वाधिक पसंदीदा चेहरे हैं। अप्रैल में उन्होंने स्वयं को मुख्यमंत्री चेहरा भी बताया, लेकिन कांग्रेस ने दावेदारी को औपचारिक रूप से स्वीकार नहीं किया। अंततः 19 सितंबर को उन्होंने कहा कि महागठबंधन मुख्यमंत्री चेहरा के बगैर मैदान में नहीं जाएगा। इस बीच ध्रुवीकरण की आशंका जताते हुए उन्होंने एआईएमआईएम को महागठबंधन में साझेदार बनाने से इन्कार कर दिया। राजद का आंतरिक सर्वे एनडीए को आगे बता रहा और अब सीमांचल में मुस्लिम मतों में बिखराव की आशंका प्रबल हो गई है। हालांकि, झारखंड की जीत से प्रेरित तेजस्वी का दावा है कि महागठबंधन एकजुट रहा, तो 150 से अधिक सीटें संभव हैं। 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 123 का संख्या बल चाहिए। 2020 के शपथ-पत्र में तेजस्वी ने 11 आपराधिक मामलों (लैंड-फार-जाब, मनी लांड्रिंग, आइआरसीटीसी घोटाले आदि) का उल्लेख किया है। सीबीआइ और ईडी की जांच जारी है। 2020 में शक्ति मलिक हत्या मामले में भी तेजस्वी और तेजप्रताप पर आरोप लगे।

## कैंसर मामले में जांच में विलंब बन रही 70 प्रतिशत मौतों का कारण, आधुनिक जांच और इलाज भी काम नहीं आ रहा

**नई दिल्ली।** आधुनिक जांच और उपचार सुविधा कैंसर से लड़ाई में निर्णायक साबित हो रहे हैं, पर कैंसर की विलंब से पहचान के कारण 70 फीसद मौतें हो रही हैं। इन आंकड़ों को कम किया जा सकता है। रोकथाम के लिए लक्षणों के प्रति जागरूकता और शुरुआती स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है। यह सुझाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन के तहत शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित हेल्थकेयर होराइजन सम्मेलन में विशेषज्ञ चिकित्सकों और नीति निर्माताओं ने दिए।मेडीवेज हेल्थ फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम का केंद्र बिंदु प्रिवेंटिव केयर, महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रोत्साहित करना और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं रही। वीएमएमसी और सफदरजंग हास्पिटल स्थित कैंसर सर्जरी विभाग के प्रोफेसर व हेड डा. राकेश कुमार ने कहा कि सही जीवनशैली और रोकथाम से कैंसर पर काबू पाया जा सकता है। वहीं ई-वन हेल्थकेयर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. चंद्रिका कंबम ने जांच को किफायती बनाने के लिए ओपीडी इंश्योरेंस की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में तीन मुख्य सुझाव सामने आए, जिसमें शुरुआती पहचान और टीकाकरण को बढ़ावा देना, कार्यस्थलों पर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना और सीएसआर एवं बीमा योजनाओं के जरिए इलाज को सस्ता व सुलभ बनाना शामिल रहा। इस दौरान युवाओं को इंटरनेट मीडिया पर कैंसर जागरूकता फैलाने के लिए बनेगी रील-बचेगी जान अभियान भी लांच किया गया। इस अवसर पर यथार्थ सुपर-स्पेशलिटी हास्पिटल के समूह निदेशक डा. सुदर्शन डे, मारेंगो एशिया हास्पिटल के क्लीनिकल डायरेक्टर व हेड डॉ. अनिल कुमार धर, मैश हास्पिटल की लेप्रोस्कोपिक गायनोकोलाजी एचओडी डॉ. रश्मि श्रिया समेत डा.रोहित गर्ग, वंदना कामरा, जय प्रकाश, अमित लाखोटिया आदि रहे।

## जय सिंह ने दी बधाई

**कोरबा ।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शारदीय नवरात्र पर्व एवं महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व के शुभ अवसर पर कोरबावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में शक्ति एवं भक्ति के नव दिनों के नवरात्रि का यह पर्व कोरबावासियों के जीवन में वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि, समृद्धि तथा दीघार्यु लेकर आएं । श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि नवरात्रि पर्व का आयोजन प्राचीनकाल से समाज को सुविकसित करने लोंगो में जागृति, सदभावना, सामूहिकता और भारत और भारतीयां को एक सूत्र में बांधने के लिए किया जाता रहा है । श्री अग्रवाल ने बताया कि नवरात्रि के व्रत व मां दुर्गा की आराधना महासिद्धि देने वाले तथा यश, धन - धान्य, सुख - शांति, आदि की प्राप्ति कराते हैं। नवरात्रि का यह पर्व माता रानी क कृपा से कोरबा वासियों के जीवन में नया उत्साह लेकर आए, सभी के जीवन को संयम व सामर्थ्य से परिपूर्ण करे।

## विधायक ने जानी ग्रामीणों की समस्या

**कोरबा।** रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया ग्राम कलमीटिरा में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनकी मूल भूत समस्याओं को जानकर सम्बन्धित अधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराया और निराकरण करने के लिए निर्देशित किया ।कार्यक्रम में बरपाली सरपंच राम जीवन कंवर ,जिल्ला सरपंच महाप्रसाद राठिया , जनपद सदस्य महेंद्र सिंह राठिया , विधायक प्रतिनिधि अजीज खान ,चनेश राम राठिया , कन्हैया चौहान , पूर्व जनपद सदस्य रवि शंकर राठिया , फूलसरी पूर्व सरपंच, जीवन लाल कंवर , सुन्दर राठिया ,महेत्तर दास महंत , रमेश दास महंत ,मथुरेस राठिया ,टीका राम राठिया , सहदेव राठिया , राजाराम राठिया ,करम सिंह राठिया ,गजाराम राठिया ,मयाराय राठिया , नानसिह राठिया ,शिवचरण प्रजापति , चमार राय राठिया , रामेश्वर राठिया ,गुलाब राठिया ,सहस राम राठिया ,मुरारी सिंह राठिया ,तारा सिंह राठिया , भुनेश्वर राठिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## अब शहर में घूसेगें भारी वाहन

**कोरबा।** शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से आरंभ हो रही है। मां दुर्गा के पूजन-अर्चन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। इसी क्रम में मां सर्वमंगला मंदिर से सटे कनवेरी नहर रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है ।सर्वमंगला मंदिर के राजपुरोहित एवं प्रबंधक महराज नन्हा पांडेय की मांग पर यह निर्णय लिया गया। प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि नवरात्रि पर्व के दौरान भारी वाहन सर्वमंगला पुल पार कर राताखार मार्ग से होकर शहर के अंदर प्रवेश करेंगे ।गौरतलब है कि इस वर्ष नवरात्रि दस दिनों तक मनाई जाएगी। ऐसा संयोग 35 वर्षों बाद बना है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और विजयादशमी एक साथ मनाई जाएगी। श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन की यह पहल सराहनीय मानी जा रही है।

## चाकाबुड़ा में रक्तदान शिविर कल

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा मंडल जवाली द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 सितंबर, मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3: 00 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाकाबुड़ा में संपन्न होगा ।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उनके साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता, मंडल पदाधिकारी, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, बूथ अध्यक्ष, बूथ कमेटी, संयोजक एवं सह-संयोजक, प्रबुद्धजन और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल होंगे ।सेवा और समर्पण का संदेशरक्तदान शिविर का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता जनकल्याण और मानवता के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। रक्तदान को महादान मानते हुए शिविर में अधिक से अधिक युवाओं और नागरिकों को भागीदारी करने का आह्वान किया गया है ।आयोजन की जिम्मेदारीकार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा मंडल जवाली की टीम पूरी तत्परता से जुटी हुई है। आयोजन समिति में श्रवण तंवर (अध्यक्ष, भाजपा मंडल जवाली), महेंद्र कुमार यादव (महामंत्री, भाजपा मंडल जवाली), जितेंद्र जोशी (संयोजक सेवा पखवाड़ा), विरेंद्र नामदेव (महामंत्री, भाजपा मंडल जवाली) और मोहन दास महंत (सह संयोजक सेवा पखवाड़ा) की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी से अपीलमंडल अध्यक्ष श्रवण तंवर ने नागरिकों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सेवा कार्य को सफल बनाएं और रक्तदान करके मानवता की सेवा में योगदान दें।

## पानी सप्लाई में बार बार आ रहा व्यवधान, लोग परेशान

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम के कोहड़िया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के पंप में कचरा फंसने से समय पर पानी साफ नहीं हुआ। इससे पानी आपूर्ति में दो से ढाई घंटे की देर हुई। पानी की आपूर्ति देर से होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चार दिन पहले भी तीन घंटे बिजली बंद होने पर सुबह पानी आपूर्ति नहीं हो पाई थी। उल्लेखनीय हैं की निगम के 67 वार्ड में से 42 वार्ड में दर्री बराज से निकली नहर से पानी लिया जाता है। इसके लिए नहर में पंप लगाए गए हैं। बारिश होने पर बराज से गंदा पानी और कचरा आ जाता है। कचरा पंप में फंसने से ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी नहीं पहुंच पाता। इसकी सफाई करने में ही समय लग जाता है ।इसी कड़ी में पुनः पंप में कचरा फंस गया और सफाई में भी देर हुई। इसके चलते सुबह 7 बजे के बजाय 9 बजे के बाद ही पानी की आपूर्ति शुरू हो पाई। अवकाश का दिन होने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। लोगों को पंप वाले घरों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ी। रामपुर, इमलीडुग्गू क्षेत्र के ऊपरी बस्तियों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। इससे भी लोगों की समस्या बढ़ जाती है। कई घरों में पंप लगाकर पानी खींच लेते हैं। पश्चिम क्षेत्र के 25 वार्ड के लिए हसदेव नदी पर बने इंटेकवेल से पानी लेते हैं। यहां किसी तरह की समस्या नहीं है। बारिश के समय करीब चार महीने तक गंदा पानी आने की शिकायत रहती है। इसे साफ करने के बाद आपूर्ति की जाती है। इसके बाद भी पानी मटमैला ही रहता है।

निगम क्षेत्र के मुड़ापार, शारदा विहार, रामनगर क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। यहां के लोगो ने बताया कि प्रेशर में कमी रहती है। कई बार तो पानी आपूर्ति ही नहीं होती। गर्मी के बाद बारिश के दिनों में भी पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। कोरबा शहर में रोज 50 मिलियन घन मीटर पानी की खपत होती है।

# ओजोन परत दिवस पर कोरबा पावर लिमिटेड में मनाया गया गया जागरूकता सप्ताह







**कोरबा।** जिले के बारपाली तहसील में कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल), पताड़ी द्वारा 16 से 20 सितम्बर 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं सेवा पर्व के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में सयंत्र के कर्मचारियों, हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।मंगलवार को ओजोन परत दिवस के मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत संयंत्र परिसर में कोरबा पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं ठेका कर्मियों सहित 100 से अधिक लोगों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर की गई ।इस अवसर पर कोरबा पावर लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर समीर मित्रा ने ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण को सरल शब्दों में समझाया वहीं प्रोजेक्ट हेड सी वी के प्रसाद ने जागरूकता अभियान की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान से जन जागरूकता बढ़ती है ।जबकि ओ एंड एम प्रमुख अमोल शरद राव महाले ने पर्यावरण स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर जोर देते हुए धरातल पर उतरने और किए गए कार्यों का रिकॉर्ड बनाकर समीक्षा कर निरंतर सुधार करने की बात कही ।केपीएल के पास के गांव सरगबुंदिया में स्कूल के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर केपीएल के भू-विभाग के प्रमुख विकास ठाकुर, कॉरपोरेट मामले के प्रमुख अतुल गुप्ता एवं स्कूल के शिक्षकों ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया तथा कपड़े के बने थैले को प्रदान कर प्लास्टिक बैग को इस्तेमाल न करने का आग्रह किया ।पूरे सप्ताह के दौरान नुक्कड़ नाटक, कपड़े के 500 थैलों का वितरण, वृक्षारोपण, ऑनलाइन क्विज, भाषण प्रतियोगिता, 'वेस्ट से बेस्ट' जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन आयोजनों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। ओजोन परत के संरक्षण के लिए केपीएल के पर्यावरण विभागाध्यक्ष श्री ईशान ताम्रकार के नेतृत्व में लोगों को जागरूक किया गया। सभी प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भागीदारी निभाई ।कार्यक्रम का समापन समारोह 20 सितम्बर 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनकी उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम चीफ बिजनेस ऑफिसर के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, ओ एंड एम हेड एवं परियोजना प्रमुख के मार्गदर्शन में केपीएल के पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में संपन्न किया गया ।कोरबा पावर लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता देता है और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने हेतु प्रतिबद्ध है। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण एवं ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु समर्पित रहा और सेवा पर्व की भावना के अनुरूप रहा।

## हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत





**कोरबा।** जिले के वनमंडल कटघोरा अंतर्गत पसान वन परिक्षेत्र में रविवार के शाम 3 से 4 बजे के बीच एक 50 वर्षीय ग्रामीण को कुचल कर मार डाला,यह घटना ग्राम-तनेरा के गोरिल्ला डांड जंगल मे घटित हुआ है। वन परिक्षेत्राधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि ग्राम- तनेरा निवासी धन सिंह पोर्ते (50) जंगल गया हुआ था कि उस दौरान तनेरा के जंगल में दंतैल हाथी से सामना हो गया। हाथी को धन सिंह भागने का प्रयास किया,किंतु भाग नहीं पाया। दंतैल ने उसे सूंड से उठाकर पटक दिया और पैरों तले कुचल दिया,जिससे धन सिंह की मौके पर मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुंच मुआयना के बाद आवश्यक कार्यवाही की। वन परिक्षेत्राधिकारी पसान मनीष सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन को तत्काल सहायता राशि 25 हजार रुपये दे दी गई है,शेष 5.75 लाख रुपये शासन के नियमानुसार सभी औपचारिकता पूर्ण होने के बाद दे दी जाएगी ।पसान के विभिन्न क्षेत्र में लगभग 54 हाथी विचरण कर रहा है,ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने के लिए मना किया गया,मुनादी जारी है और हाथियों से दूर रहने व सतर्कता बरतने की हिदायतें दी गई है।

## निरीक्षण के दौरान बंद मिला मड़ई का स्वास्थ्य केन्द्र

**कोरबा ।** कोरबा जिला पंचायत सदस्य एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्वान सिंह मरकाम ने 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ई (आयुष्मान आरोग्य मंदिर मड़ई) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में ताला लटका मिला। इस पर श्री मरकाम ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) से फोन पर संपर्क किया, लेकिन बीएमओ ने जवाब देते हुए कहा कि कहीं फील्ड में गया होगा और तुरंत फोन काट दिया। इसके बाद श्री मरकाम ने आसपास के ग्रामीणों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र पिछले दो दिनों से बंद है। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि केन्द्र में महिला डॉक्टर की कभी भी स्थायी रूप से तैनाती नहीं होती। इस वजह से गर्भवती महिलाओं को प्रसव जैसी गंभीर परिस्थितियों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में एक गर्भवती महिला की डिलवरी मजबूरी में ग्राम की अन्य महिलाओं की मदद से कराई गई। इस स्थिति से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ई की यह स्थिति बताती है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं कागजों पर चल रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती हो, ताकि मरीजों को समय पर इलाज और गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिल सके।

### नवरात्रि त्यौहार के अवसर पर मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय

**कोरबा।** नवरात्र पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा के बीच नवरात्रि फेस्टिवल मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 25 सितंबर से 3 अक्टूबर तक प्रतिदिन चलेगी। गाड़ी संख्या 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा सुबह 5 बजे इतवारी से रवाना होकर शाम 7.30 बजे कोरबा पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 06884 कोरबा-इतवारी सुबह 5.30 बजे कोरबा से निकलकर शाम 7.30 बजे इतवारी पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा कोदेखते हुए ट्रेन का ठहराव दोनों दिशाओं में सभी स्टेशनों पर रहेगा।



## करतला में आध्यात्मिक सत्संग का सफल आयोजन

**कोरबा।** समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश देते हुए नगर पंचायत करतला के सामुदायिक भवन में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में जिला स्तरीय आध्यात्मिक सत्संग एवं एक जोड़ी अंतर्जातीय दहेज-मुक्त विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे और इस अनूठी पहल को सराहनीय करार दिया ।इस विवाह में कोरबा जिले की भक्तमती दामिनी महंत (पिता रूपदास महंत, ग्राम चचिया, आयु 25 वर्ष) और महासमुंद जिले के भक्त देवेंद्र चौहान (पिता तेजराम चौहान, ग्राम छिलपावन, आयु 26 वर्ष) ने सात जन्मों का बंधन स्वीकार किया। वर-वधू के माता-पिता व रिश्तेदारों की उपस्थिति में यह आयोजन सादगीपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। दहेज रहित इस विवाह को देखकर उपस्थित लोगों ने इसे समाज के लिए प्रेरणा बताया ।संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा विवाह 'रमैणी' पद्धति से सम्पन्न कराया गया। यह शास्त्र-आधारित पद्धति है जिसमें 33 करोड़ देवी-देवताओं का आह्वान कर मात्र 17 मिनट में विवाह सम्पन्न हो जाता है। इस विधि में न तो फिजूल खर्च होता है और न ही आडंबर।

# नई जीएसटी दरों के माध्यम से व्यापार को मिलेगी गति : लखन लाल



**कोरबा ।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिले और प्रदेश वासियों को श्री अग्रसेन जयंती और शारदीय नवरात्री की बधाई एव शुभकामनाएं देते हुए कहा की यह पर्व इस बार सभी परिवार जनों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा । मंत्री श्री देवांगन ने कहा की उपभोक्ताओं ,किसानों कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले जीएसटी रिफार्म का लाभ 22 सितम्बर से यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलेगा । इस दिन से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है । नई जीएसटी दरों के माध्यम से व्यापार को गति मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाला जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर भी टैक्स घटाया गया है। इससे इलाज सस्ता होगा और हर सामान्य नागरिक को राहत मिलेगी। सरकार ने वाहनों की खरीद-फरोख्त पर भी राहत दी है। पहले कार और बाइक पर 28 जीएसटी लगता था, अब इसे घटाकर 18 कर दिया गया है। यानी सीधे 10 की कटौती ।मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस निर्णय से न केवल आम नागरिक की गाड़ी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा, नए रोजगार उत्पन्न होंगे और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मंत्री श्री देवांगन ने जीएसटी रिफॉर्म्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशवासियों को नवरात्रि और दीपावाली गिफ्ट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह निर्णय व्यापार को गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि पहले चार स्लैब 5, 12, 18 और 28 लागू थे, लेकिन अब सिर्फ दो स्लैब 5 और 18रखा गया है। 12 और 28की दरें समाप्त कर दी गई हैं। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा ।मंत्री ने कहा कि एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5% या शून्य टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोजमर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ज्यादा खरीद सकेगा तो खपत बढ़ेगी और बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में और तेजी आएगी। इससे जहां आम जनों को भी फायदा होगा साथ ही उद्योगों को भी लाभ होगा।

## जगतगुरू रामभ्रदाचार्य कोरबा पहुंचे

**कोरबा।** जगतगुरु रामभ्रदाचार्य महाराज का आगमन कोरबा में हो चुका है। वे 21 सितंबर को चित्रकूट से प्रस्थान कर मां भवानी मंदिर परिसर स्थित नव निर्मित भव्य मानस मंदिर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत और आरती की गई ।यह आयोजन 22 से 30 सितंबर तक चलेगा। इसी अवसर पर मानस मंदिर में माता कौशल्या की गोद में विराजमान बाल स्वरूप प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण संपन्न होगा। 22 सितंबर को मां सर्वमंगला मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद प्रातः 11 बजे विशाल कार एवं बाइक रैली निकाली जाएगी, जो पावर हाउस रोड, टीपीनगर चौक, सीएसईबी चौक, कोहड़िया मार्ग होते हुए भवानी मंदिर पहुंचेगी। दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक दिव्य श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। कथा का दिनवार विवरण22 सितंबर - श्रीराम कथा महिमा23 सितंबर - भगवान शिव विवाह प्रसंग24 सितंबर - प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव25 सितंबर - श्रीराम बाल लीला26 सितंबर - श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग27 सितंबर - श्रीराम व केवट प्रसंग28 सितंबर - श्रीराम-भरत मिलाप 29 सितंबर - श्रीराम व शबरी प्रसंग30 सितंबर - श्रीराम राज्याभिषेक एवं कथा का समापन जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज, जिन्होंने नेत्र ज्योति न होते हुए भी अपनी साधना व दिव्य ज्ञान से अनेक धर्मग्रंथों का अध्ययन व रचना की है, श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। उन्होंने रामजन्मभूमि विवाद में ग्रंथ प्रमाण प्रस्तुत कर देशभर को चकित किया था। यह नौ दिवसीय कथा मां भवानी मंदिर दर्री डेम, कोरबा के पावन परिसर में आयोजित की जा रही है।

# हवा हवाई हुई सतरेंगा को हवाई मार्ग से जोड़ने की घोषणा

**कोरबा ।** मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुका और सतरेंगा को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि 2 महीने के भीतर एक बड़ा प्रस्ताव तैयार करेंगे और उसे सरकार से स्वीकृति मिलेगी। बुका, सतरेंगा को बड़े पैमाने पर पर्यटन स्थल के तौर पर डेवलप करने की यह कोई पहली घोषणा नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार में सतरेंगा को हवाई मार्ग से जोडने की घोषणा की गई थी, लेकिन यह घोषणा हवा हवाई साबित हुई इसके पहले भी बीते एक दशक के दौरान कई ऐसी घोषणाएं हो चुकी हैं, जो धरातल पर नहीं उतरी। भाजपा और कांग्रेस सरकार में सतरेंगा को अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर डेवलप करने की घोषणाएं की थी। तत्कालीन कलेक्टर किरण कौशल और रानू साहू के कार्यकाल में राशि खर्च भी की गई। रंग-रोगन किया गया, कुछ हुए भी, लेकिन उतना नहीं हुआ जितनी की घोषणाएं हुई। फिलहाल वास्तविकता यह है कि जहां अंतरराष्ट्रीय वॉटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं डेवलप करने की बात हुई थी। वहां अब बोट क्लब भी पूरी तरह से बंद है। स्थानीय ग्रामीण अपनी स्वदेसी नाव पर ही पर्यटकों को पानी की सैर कराते हैं। अन्य सुविधा भी बंद हैं। सतरेंगा और बुका में विश्व स्तर की सुविधाओं के साथ इसे डेवलप करने की घोषणाएं पूर्व में भी की गई थी। कोरबा को प्रदेश की ऊर्जाधानी कहा जाता है। बिजली उत्पादन और कोयले की धूल से इसकी पहचान है, लेकिन यहां बुका और सतरेंगा जैसे खूबसूरत पर्यटन स्थल भी हैं। जो पर्यटकों को लगातार अपनी ओर आकर्षित करते हैं. ठीक-ठाक भोजन तक की सुविधा नहीं होने के बावजूद भी यहां लगभग सभी मौसम में पर्यटक दूर-दूर से पहुंचते हैं। न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि प्रदेश के बाहर से भी लोग यहां घूमने आते हैं और प्राकृतिक खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। बुका और सतरेंगा में बांगो बांध के डुबान क्षेत्र की जलराशि दूर-दूर तक फैली हुई है। जो इतनी अधिक मात्रा में है कि यहां क्रूस उतार कर भी उसे चलाया जा सकता है। दूर-दूर तक फैला खूबसूरत पानी मॉरीशस की याद दिलाता है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ की सरकारों में बैठे जिम्मेदार अधिकारी, नेता इसकी खूबसूरती से आकर्षित होकर घोषणाएं कर देते हैं, लेकिन ज्यादातर घोषणाएं पूरी नहीं होती। हालांकि पिछले कुछ समय में सतरेंगा का विकास जरूर हुआ है। एक बार फिर मुख्यमंत्री ने वन विभाग को सौंपी जिम्मेदारी बुका और सतरेंगा के संबंध में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि इन दोनों स्थानों में पर्यटन विकास के लिए वन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। दो महीने के भीतर प्रस्ताव तैयार होगा, और जो प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उसे स्वीकृति प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को स्वीकृति देने की बात कही है। अब तय समय सीमा के भीतर एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करना वन विभाग के लिए एक चुनौती की तरह भी है। पूर्व में भी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, पूर्व के प्रस्ताव और वर्तमान प्रस्ताव में क्या अंतर है, क्या पुराने ढर्रे पर ही प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और इस बार जो प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। वह धरातल पर भी उतरेगा, यह आने वाला समय ही बताएगा। कोरबा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने एक्का पार्क की बात का भी जिक्र किया है। हालांकि इसकी स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने इसकी स्वीकृति की बात को दोहराया और कहा की एतमानगर में एक्का पार्क को स्वीकृति दे दी गई है। जिसकी लागत 37 करोड़ रुपए है। एक्का पार्क में न सिर्फ पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास कार्य होंगे, बल्कि यहां मत्स्य पालन और अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सतरेंगा हो या एतमानगर दोनों ही हसदेव नदी पर निर्मित प्रदेश के सबसे उंचे मिनीमाता बहुउद्देशीय परियोजना बांगो बांध के डुबान क्षेत्र में ही मौजूद है।

## सर्पदंश से पिता-पुत्र की मौत मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बिठाई जांच

**कोरबा ।** कोरबा जिले में सर्पदंश पश्चात गोपालपुर स्थित शासकीय अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम नहीं मिलने और इलाज में देरी से जमनीपाली वार्ड के इंदिरा नगर निवासी चंद्रमणि भारद्वाज व उसके पुत्र प्रिंस की मौत हो जाने के आरोप लगाए गए हैं। उक्त घटना पश्चात जहां स्वास्थ्य विभाग ने मामले में जांच बिठा दी है तो दूसरी ओर ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए व्यवस्था की समीक्षा भी की जा रही है। जिसके तहत जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध कराए गए एंटी स्नेक वेनम के स्टॉक की जानकारी ली गई। वहीं अस्पतालों में पदस्थ डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ को मरीजों के अस्पताल पहुंचने पर त्वरित रूप से चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया। खासकर रात के समय पहुंचने वाले केस में गंभीरता के साथ ध्यान देने को कहा गया। दरअसल रात को सोते समय ही ज्यादातर लोग सर्पदंश के शिकार होते हैं, ऐसे घटना में एंटी स्नेक वेनम नहीं मिलने या फिर देरी से मिलने पर मरीज की मौत हो जाती है। एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता जरूरीवाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम के प्रमुख व सर्प मित्र जितेंद्र सारथी के मुताबिक जिले में वैसे तो सालभर सर्पदंश की घटना होती है लेकिन सर्वाधिक घटना बारिश के सीजन में होते हैं। इसकी एक वजह बाहर पानी भरे होने से सांप घरों तक पहुंच जाते हैं।

प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट

आयुर्वेदिक थैरेपी (C.A.T.)
(Certificate in Ayurvedic Therapy)
12th - साइंस ( मैथ & बायो ) - 1वर्ष

सामुदायिक स्वास्थ्य (C.C.H.
(Certificate in Community Health)
(एलोपैथी चिकित्सा प्रमाण-पत्र)
10th -1वर्ष

होम्योपैथी
(C.H.D.)
(Certificate in homeopathy dispensing)
( होम्योपैथी चिकित्सा प्रमाण-पत्र)
10th -1वर्ष

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
नेहरू नगर, बुधवारी बाजार के पास कोरबा, मो.: 88279-82846

# महुआ शराब माफिया का आतंक, कार्रवाई कब?

## प्रतिदिन करते हैं सैकड़ो बोतल शराब की आपूर्ति, संगठित गिरोह की मनमानी से उजड़ रहे परिवार

**कोरिया चरचा कालरी।** चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर-चरचा के शहरी इलाक़ों विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 2 3 4,6, 7 ,10 ,11में शराब माफिया का संगठित गिरोह खुलेआम अवैध महुआ शराब का धंधा चला रहा है। द्व इसके अतिरिक्त कॉलोनियों और मोहल्लों में अवैध महुआ शराब के धंधे में संलिप्त बड़े सप्लायर दोपहिया वाहनों से दिनभर मांग के अनुसार शराब की आपूर्ति कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार की मुख्य आपूर्ति ग्राम फूलपुर , जूनापारा, और आसपास के क्षेत्रों से होती है।



सूत्रों के अनुसार इस सप्लाई में शिवमंगल, राकेश और हरदयाल नामक कुख्यात शराब माफिया प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ये लोग पॉलिथीन पाउच में पैक की गई जहरीली महुआ शराब को पिट्ठू बैग, राजश्री के झोले आदि में भरकर बाइक व स्कूटी से बड़ी मात्रा में शहर की कॉलोनियों तक पहुंचाते हैं। दो पहिया वाहन से किसी भी कॉलोनी में घुसने में सहूलियत होती है,इतना ही नहीं, ये माफिया खुलेआम यह दावा करते हैं कि वे रोजाना दर्जनों बोतलें विभिन्न जगहों पर सप्लाई करते हैं और हर माह निर्धारित रकम भी पहुंचाते हैं। शराब सप्लाई में शामिल शिवमंगल नामक व्यक्ति ने यह तक स्वीकार किया कि अवैध महुआ शराब बेचने के मामलों में वह पहले भी दो बार जेल जा चुका है, फिर भी उसे कानून का कोई भय नहीं है। वही राकेश ने भी कैलोरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 ,3, 6, 7 ,11,12 सहित कई जगह में शराब सप्लाई करने की बात कहीं। यह शराब माफिया इतना संगठित और निडर है कि इनके वाहन प्रतिदिन थाना परिसर के सामने से होकर गुजरते हैं, फिर भी इन पर कोई प्रभावी रोक अब तक नहीं लग पाई है। इस गिरोह की मनमानी का आलम यह है कि वे खुलेआम डींगे हांकते हुए बताते हैं कि प्रतिदिन कई कॉलोनियों में दर्जनों बोतलें सप्लाई की हैं और आगे भी ऐसा करते रहेंगे। गौरतलब है कि चरचा कालरी से जिला मुख्यालय कलेक्टर कोरिया कार्यालय वह वह जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय की दूरी महज 5 किलोमीटर है शहरी क्षेत्र में जब यह स्थिति है तो यह सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शराब माफिया कितना हावी होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि महुआ शराब बनाने में रासायनिक खाद, गुड़ और अन्य जहरीले रसायनों का प्रयोग किया जाता है। यह मिश्रण शरीर के लिए धीमा ज़हर है, जो लिवर, किडनी और अन्य अंगों को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। सामान्य तौर पर महुआ शराब बनाने में लगभग चार दिनों का समय लगता है जबकि अच्छा व रासायनिक खाद के मिश्रण से यह 24 घंटे में ही तैयार हो जाता है इस विधि से तैयार शराब बहुत ज्यादा ही हानिकारक होती है किंतु ज्यादा पैसे कमाने के लालच में शराब माफिया गुड से ही शराब बनाने में लगा हुआ है ग्राम फूलपुर के चीताघुटरी व ग्राम फूलपुर के टोल टैक्स के समीप छोटी पहाड़ी के पास पूरा वातावरण महुआ शराब की गंध से भरा रहता है इस जहरीली शराब की वजह से न जाने कितने परिवार उजड़ चुके हैं,अनगिनत बच्चे अनाथ हो चुके हैं और अनेक जिंदगियां समय से पहले खत्म हो गई हैं। समाज में फैला यह ज़हर सिर्फ स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी खोखला कर रहा है। जो समाज और प्रशासन के लिए गंभीर चेतावनी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार अवैध महुआ शराब के इस पूरे अवैध कारोबार में कई लोगों सहित चर्चा- क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि की संलिप्तता की भी चर्चा है। जो स्वयं महुआ शराब बेचने का कार्य करते हैं इससे साफ है कि बिना राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के इस तरह का संगठित अवैध कारोबार संभव नहीं हो सकता। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस अधीक्षक और आबकारी विभाग से मांग की है कि इस शराब माफिया गिरोह पर तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की जाए। चर्चा थाना प्रभारी, जिन्होंने हाल में कई चोरी के मामलों का खुलासा कर सराहनीय कार्य किया है, से अपेक्षा है कि वे अब इस शराब माफिया के नेटवर्क को तोड़ने के लिए ठोस कदम उठाएं। अब वक्त आ गया है कि प्रशासन कठोर कार्रवाई कर इस जहरीले कारोबार को समाप्त करे, ताकि अनगिनत परिवारों को उजड़ने और बच्चों को अनाथ होने से बचाया जा सके।



## श्री सर्वेश्वरी समूह का 65वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कोरिया बैकुंठपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 65वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। आयोजन की शुरुआत सुबह प्रभात फेरी से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बाबा अवधूत भगवान राम की छायाचित्र के साथ नगर भ्रमण किया। प्रभात फेरी सर्वेश्वरी विद्यालय गढ़ेलपारा से प्रारंभ होकर प्रेमाबाग, बस स्टैंड, कुमार चौक, महलपारा होते हुए तलवपारा स्थित सर्वेश्वरी समूह आश्रम पहुँची। आश्रम परिसर में ध्वजारोहण कर सफल योनि का पाठ किया गया। इसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह जूदेव बाबा के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे और आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु 'बाबा अवधूत भगवान राम' के जयकारों से गगनमंडल गुंजायमान करते रहे।

## परिसर की सफाई कर किया पौधा रोपण



**जनकपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा सप्ताह 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम के तहत रविवार 21 सितम्बर को मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय जनकपुर स्थित परिक्षेत्र कार्यालय कुंवारपुर के परिसर में परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र यादव एवं स्टॉप द्वारा कार्यालय परिसर का साफ सफाई कर पौधा रोपण किया गया। इस दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी कुंवारपुर भूपेंद्र यादव, अंजनी सिंह सहित अन्य स्टॉप व ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंतरजिला बसोर मोबाईल चोर गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार



**सूरजपुर।** प्रतापपुर के साप्ताहिक बाजार में मोबाईल चोरी की घटना सामने आई जिस पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने फौरन एक्शन लेते हुए मोबाईल चोरों की पतासाजी कर उन्हें पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व डीएसपी अनूप एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर की पुलिस टीम के द्वारा पंजीबद्ध मामले की विवेचना कर तकनीकी मदद व मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर डकईपारा पटना के व्यक्तियों के द्वारा घटना को अंजाम देने की सूचना पर थाना पटना के डकईपारा में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही सोनू बसोर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने अपने साथी मनोज कुमार, राम सिंह, सोनू, राजू बसोर, मुकेश उर्फ संदीप, जुगनू प्रसाद उर्फ सोनू एवं सोनू कुमार के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार प्रतापपुर में मोबाईल चोरी की घटना को अंजाम देना बताया जिसके बाद इन लोगों को भी पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 5 नग मोबाईल कीमत 60 हजार रूपये, 1 नग बटन स्प्रिंग चाकू, घटना में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जप्त कर धारा 303(2) बीएनएस व आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत आरोपी (1) मनोज कुमार पिता सुशील कुमार उम्र 34 वर्ष ग्राम डकाईपारा (2) राम सिंह पिता केश्वप्रसाद उम्र 39 वर्ष ग्राम चितमारपारा (3) सोनू कुमार पिता राजकुमार उम्र 22 वर्ष ग्राम चम्पाझार (4) राजू बसोर पिता वकील उम्र 35 वर्ष ग्राम चितमारपारा (5) मुकेश उर्फ संदीप पिता सुशील उम्र 23 वर्ष ग्राम डकाईपारा (6) जुगनू प्रसाद उर्फ सोनू पिता स्व. रामविशाल उम्र 31 वर्ष ग्राम डकाईपारा (7) सोनू कुमार पिता स्व. रामभिवन उम्र 25 वर्ष ग्राम डकाईपारा सभी थाना पटना जिला कोरिया को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर अमित कौशिक, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक आनंद प्रकाश एक्का, इन्द्रपाल सिंह, आरक्षक सत्यनारायण सिंह, राजेश तिवारी व प्रकाश साहू सक्रिय रहे।

## विधिक सहायता शिविर में बाल अपराधों की बढ़ती रफ्तार पर जताई गई चिंता



**कोरिया चरचा कालरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल चरचा परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ,शिविर में मुख्य रूप से जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर के विशेष न्यायाधीश आशीष पाठक एवं अतिरिक्त न्यायाधीश समीर कुजूर एवं विशेष लोक अभीयोजक महेश शर्मा एवं थाना चर्चा के थाना प्रभारी प्रमोद पांडे , के द्वारा इस साक्षरता शिविर में स्कूल के बच्चों को लैंगिक अपराध साइबर क्राइम एवं मूलभूत सुविधाओं से प्रति जागरुक करते हुए न्याय के समानताओं के बारे में जानकारी देकर बच्चों को यह भी समझाया गया कि मोबाइल का उपयोग न करें एवं किसी भी छोटे-मोटे अपराध को करने हेतु प्रेरित करने वाले लोगों के बारे में सर्वप्रथम अपने माता-पिता को बताएं ताकि उस स्तर पर बड़े अपराधों को रोका जाए साथ में यह भी बताया कि कभी भी किसी को मोबाइल से ओ टी पी देने में सावधानी रखते हुए कोई भी फोटो या कोई अभद्र अश्लील फोटो का आदान-प्रदान मोबाइल से ना करे। एवं जाति सूचक गाली गलौज ना करें, जाति पाति के भेदभाव ना करें सभी को समान रूप से समझे एवं सभी स्थानों पर समान अवसर प्रदान करें आपस में सदैव भाईचारा का भाव रखें एक दूसरे के साथ सदैव मिलकर के रहे जानकारी देने के क्रम में न्याय से संबंधित कई पहलुओं की जानकारी लोगों को दिया गया साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा गरीब एवं पिछड़े हुए लोगों जैसे शोषण बालक महिलाएं बुजुर्ग एवं शारीरिक अक्षम जैसे लोगों को निशुल्क न्याय व्यवस्था के बारे में बताया गया। माननीय न्यायाधीश के द्वारा चर्चा क्षेत्र में बढ़ रहे बाल अपराध के प्रति चिंता व्यक्त की गई उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बाल अपराध में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है जो की बेहद चिंताजनक है ऐसी स्थिति में माता-पिता अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें कि बच्चे किस संगत में है ,किसके साथ रह रहे हैं, उनकी गतिविधियां क्या है। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य मानिकपुरी एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं शाहिद काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नशामुक्त मैराथन दौड़ का आयोजन

**एमसीबी।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान को जनजागरूकता से जोड़ते हुए रविवार को आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ से आमाखेरवा परेड ग्राउंड तक भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर नगर में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने हेतु रविवार 21 सितंबर की दोपहर 01 बजे जनकपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ओम प्रकाश दुबे ने किया। बैठक में नगर पंचायत के प्रतिनिधि, स्थानीय पत्रकार एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठजन, प्रतिष्ठित नागरिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। बैठक में आगामी त्यौहारों के दौरान दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना से लेकर साफ सफाई, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।




# वोटर लिस्ट को विश्वसनीय बनाने एसआईआर पर जिले में कार्य शुरू

## वर्ष 2023 की मतदाता सूची को आधार मानकर मिलान

**कोरबा।** बिहार में फर्जी वोटर की शिकायत के बाद लाखों की संख्या में वोटर्स के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। इस मामले में कई चौकाने वाली बातें सामने आई। अब बड़े स्तर पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू किया गया है। कोरबा जिले में 15 सितंबर से इसकी शुरुआत की गई। वोटर लिस्ट को विश्वसनीय बनाने का उद्देश्य इसके पीछे हैं। बीएलओ के साथ टीम बनाकर इस काम को किया जा रहा है।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कोरबा समेत प्रदेश में यह काम जारी है। खबर है कि 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए नई मतदाता सूची अपडेट की जाएगी। खबर के अनुसार चुनाव आयोग ने वर्ष 2023 की मतदाता सूची को आधार बनाकर इसे वर्ष 2025 की सूची से मिलान करते हुए सत्यापन करने कहा



है। आगामी चुनाव को त्रुटिरहित बनाने का ध्येय इसमें निहित किया गया है। खबर में कहा गया कि मतदाता सूची को शत्-प्रतिशत शुद्ध, सटीक और पारदर्शी के साथ विश्वसनीय बनाया जाना है।

कोरबा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर कार्य को गति देने के लिए इसमें टीमें लगाई गई है। बीएलओ के साथ क्षेत्रवास टीमें बनाई गई है, जिन्हें इस काम की जिम्मेदारी दी गई है। आयोग के निर्देशों और इस कार्यक्रम को लेकर तैयार की गई गाइड लाइन का पूरा ध्यान इन टीमों को अपने बूथ क्षेत्र में काम करने के दौरान रखना होगा। जानकारी में कहा गया कि बूथ लेबल ऑफिसर अपने दल के साथ स्थल पर उपस्थिति देकर मूल मतदाता सूची और निर्धारित प्रपत्र में जानकारी दर्ज करेंगे। उन्हें कहा गया है कि हर दिन इस विषय पर संपादित किए जाने वाले कार्य की प्रगति रिपोर्ट शाम 4 बजे तक वाट्सएप समूह में प्रेषित की जाए। इसके जरिए आयोग के उच्चाधिकारी यह जान सकेंगे कि विधानसभा क्षेत्रवास बूथ स्तर पर पुनरीक्षण का कार्य कितनी तत्परता और शीघ्रता से हो रहा है।

इसके साथ ही यह जानकारी तुलनात्मक रूप से मिल सकेगी कि किन क्षेत्रों में काम की रफ्तार औसत है, कहां बेहतर है और कहां बेहद निम्न स्तर पर। आयोग को यह समझने का मौका भी मिलेगा कि कामकाज के मामले में अगर ऐसी रिपोर्ट है तो इसके व्यवहारिक कारण क्या हो सकते हैं। वे संबंधित क्षेत्रों के अधिकारियों से जरूरी पूछताछ भी करेंगे।

### कई स्थान पर फर्जी वोटर के उठे मामले

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने जहां वोट चोरी को लेकर कुछ दिन पहले हल्ला मचाया, वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रमाणों के साथ यह जानकारी दी कि कवर्धा सहित कई इलाकों में ऐसे वोटर पाए गए जिन्होंने कई जगह अपना नाम जुड़वाया है। उनके पूरे दस्तावेज सार्वजनिक किए गए हैं। कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में ऐसे वोटरों की संख्या काफी है। इसलिए अभियान को लेकर कुछ लोगों को दिक्कत हो रही है।

## कुसमुंडा कार्यालय का घेराव 24 को

**कोरबा।** लंबे समय से रोजगार और पुनर्वास की मांग कर रहे भूविस्थापित किसान अब आंदोलन की राह पर हैं। छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ ने घोषणा की है कि 24 सितंबर को कुसमुंडा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। आंदोलन के लिए आयोजित बैठक में बताया गया कि किसानों की 10 सूत्रीय मांगों में अधिग्रहित जमीन के बदले लंबित रोजगार प्रकरणों का निपटारा, उचित मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, प्रभावित गांवों के बेरोजगारों को खदान में रोजगार, पुनर्वास गांवों में काबिज भूमि का पट्टा समेत अन्य प्रमुख मुद्दे शामिल हैं। नेताओं ने बताया कि 20 अगस्त को कुसमुंडा खदान बंदी के दौरान प्रबंधन ने त्रिपक्षीय वार्ता और उच्च स्तरीय बैठक का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक वादों को पूरा नहीं किया गया। इससे किसानों और भूविस्थापितों में भारी आक्रोश है।

## रिटायर्ड शिक्षकों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा के तहत आज करतला में तीन मंडलों के सेवानिवृत्त शिक्षकों को भाजपाईयों के द्वारा सम्मानित किया गया। जनपद अध्यक्ष अशोका कंवर, उपाध्यक्ष मनोज झा के द्वारा शॉल व श्रीफल भेंट किए गए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, रामकुमार गभेल, नरेंद्र बिंझवार के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कल हरदीबाजार मंडल में रक्त परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया है। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी दिनेश राठौर, नवरतन राजपूत, ओमप्रकाश कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही है। कल ही दर्री मंडल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी की जा रही है। बालको नगर मंडल में बच्चों को कॉपी व पेंसिल दिए जाएंगे। इसके अलावा 75 पौधे लगाने का कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुमित तिवारी, डिलेंद्र यादव, संपत यादव, जय राठौर, अर्चना झा, प्रीति स्वर्णकार, हेमलता निर्मलकर सहित अन्य कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

## भाजपाईयों ने पटाखे फोड़े

**कोरबा।** हरदीबाजार मंडल के तिवरता में जीएसटी की दरों में कटौती किए जाने पर भाजपाईयों के द्वारा जश्न मनाते हुए पटाखे फोड़े गए। इस दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान के सह संयोजक हरीश थरवानी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेफ्टी सदस्यों ने खदान का किया निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के सेफ्टी सदस्यों ने सुराकछार खदान पहुंचकर निरीक्षण किया और कोयला कामगारों से मुलाकात की। इस टीम में शामिल अशोक सिंह, कृष्णा तिवारी सहित अन्य सदस्य मानिकपुर खदान भी गए। दूसरे टीम में शामिल गणेश प्रसाद, सुरेश श्रीवास भी अन्य खदानों का निरीक्षण किया। खदानों में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर तीन माह में सेफ्टी सदस्यों का दौरा खदानों का निरीक्षण किया जाता है।

## सेन्द्रिपाली स्कूल को चाहिए अंग्रेजी का व्याख्याता

**कोरबा।** कोरबा जिले का सेन्द्रिपाली हायर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी के व्याख्याता की प्रतीक्षा कर रहा है जिसने अब तक यहां पर जॉइनिंग नहीं दी हैं। व्याख्याता की कमी होने से इस विद्यालय में अंग्रेजी विषय की पढ़ाई बाधित हो रही है।

जानकारी मिली है कि पिछले महीने सरकार की नीति के अंतर्गत अनेक स्कूलों युक्तियुक्तकरण करने के साथ वहां के शिक्षकों को सरप्लस होने पर दूसरी संस्था में मर्ज किया गया । व्यवस्था के अंतर्गत इस प्रक्रिया में संबंधित शिक्षकों से आपत्ति प्राप्त की गई थी और बाद में काउंसलिंग के साथ निराकरण भी कर दिया गया। बताया गया कि कोरबा जिले के करतला विकासखंड के अंतर्गत सेन्द्रिपाली हायर सेकेंडरी स्कूल में जिस व्याख्याता को अंतिम रूप से अंग्रेजी के लिए पदस्थ किया गया, उनकी जॉइनिंग अब तक नहीं हो सकी है। इस बारे में व्यवहारिक और तकनीकी कारण की जानकारी नहीं मिल सकी है कि आखिर समस्या क्या है। लेकिन व्याख्याता न होने से अंग्रेजी विषय का अध्यापन नहीं हो पा रहा है और यहां के विद्यार्थियों को इस विषय के ज्ञान से वंचित होना पड़ा। सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब कोरबा जिले में अनेक विद्यालय में ऐसे ही मामलों को लेकर संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध प्रशासन ने कार्रवाई की है तो फिर उसके ध्यान में सेन्द्रिपाली का विद्यालय आखिर क्यों नहीं आ सका है।

## पूर्व सचिव राघव करेंगे मीडिया से चर्चा

**कोरबा।** भारत सरकार के पूर्व सचिव और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमेन राघव चंद्रा 22 सितंबर को शाम 7.30 बजे पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। कोरबा जिला गठन के बाद वे कुछ समय तक एडिशनल कलेक्टर के रूप में कोरबा में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने अपनी प्रशासनिक क्षमता का परिचय दो दशक पहले नगर में दिया थ।

## प्रगति नगर में देवी भागवत कथा से पहले कलश यात्रा



**कोरबा।** आश्विन नवरात्र पर 27वें वर्ष में एचपीसीएल कॉलोनी प्रगति नगर दीपिका में आयोजित किया जा रहा है। यहां आज से श्रीमद् देवी भागवत कथा सप्ताह प्रारंभ होगा। सोमवार को सुबह आयोजन स्थल से कलश यात्रा निकाली गई।

आयोजन समिति में सीसीएल कंपनी के अधिकारी कर्मचारी और क्षेत्र के नागरिक शामिल हैं। बताया गया कि पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री नवरात्र पर यहां श्रीमद्ध देवी भागवत कथा का वाचन करेंगे। इसमें शक्ति अवतार , आसुरी शक्तियों का विनाश और जन कल्याण के लिए किए गए कार्यों का वर्णन है। सोमवार को आयोजन स्थल प्रगति नगर से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें पंडित दीपक कृष्ण के साथ यजमान और क्षेत्र की मातृ शक्ति की उपस्थिति रही। जलाशय में वरुण पूजन के बाद यात्रा अपने मूल स्थान पर लौटी। अगले विधान की पूर्ति के साथ दोपहर पश्चात श्रीमद् देवी भागवत की कथा का शुभारंभ होगा आयोजक ने समस्त लोगों से इस अनुष्ठान में शामिल होने का आग्रह किया है।

## कहीं आज तो कहीं षष्ठी को विराजेंगीं आदिशक्ति

**कोरबा।** शक्ति की उपासना और भक्ति को बल देने वाला आश्विन नवरात्र पर्व आज से प्रारंभ हो गया। देवी मंदिरों में ज्वारा बोने के साथ घट स्थापना की गई। अभिजीत मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। शहर और जिले के अनेक स्थानों पर देवी की प्रतिमाओं की स्थापना विधि-विधान से की गई।



कोरबा जिले के अनेक मंदिरों में शक्ति की आराधना का पर्व विशेष संयोग में आज शुरू हुआ। अनेक वर्षों बाद ऐसा पहली बार होगा जब नवरात्र 9 के बजाय 10 दिन की होगी। यहां के ऐतिहासिक और अन्य मंदिरों में सोमवार को नवरात्र पर विधानों की पूर्ति करते हुए ज्वारा बोए गए। घट स्थापना का कार्य भी पूरा किया गया। ऐसे पूजा पंडाल जहां मध्य क्षेत्र की परंपरा निभाई जा रही है। आज ही देवी की प्रतिमा स्थापित होना है। इससे पहले घट स्थापना और ज्वारा बोने का काम पूरा कर लिया गया। ऐसे कार्यों के लिए व्रती स्वयंसेवक लगाए गए हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र को लेकर विशेष उत्साह है। वहां सभी इलाकों में देवी प्रतिमाओं की स्थापना के साथ जसगीतों का गायन प्रारंभ हुआ है। आज से लेकर अगले 10 दिन तक देवी की उपासना होगी। इस दौरान नित्य पूजा अर्चना के साथ यहां दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। श्रीमद् देवी भागवत के साथ-साथ शक्ति संचय से संबंधित विभिन्न अनुष्ठान भी यहां पर किए जाएंगे। इसे लेकर व्यापक तैयारी की गई है।

### पंचमी से यहां शुरू होगी पूजा

जिले के मड़वारानी मंदिर में नवरात्र का उत्सव आज के बजाय पंचमी से शुरू होगा और इसी तिथि के हिसाब से इसकी पूर्णता होगी। वहीं बंगाल की परंपरा से प्रभावित जिले के अनेक सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव में प्रतिमाओं की स्थापना षष्ठी तिथि को होगी और दशहरा के अगले दिवस सिंदूर खेला के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

## घुड़देवा मार्ग पर अंधेरा दुर्घटना का खतरा

**कोरबा।** बांकीमोंगरा में कटाइनार से घुड़देवा बायपास तक मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की समस्या लोगों के सामने है। शाम होते ही यह मार्ग अंधेरे में डूब जाता है, जिससे राहगीरों को पैदल या वाहन से गुजरना बेहद खतरनाक हो जाता है। बिना लाइट के आने-जाने में हर वक्त दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

भाजपा पार्षद अश्विनी मिश्र ने अधिकारी के ध्यान में इस समस्या को लाया है। कई बार इस मार्ग से गुजरते समय लोगों को सामने से आ रहे वाहनों का अंदाजा ही नहीं लग पाता। यही वजह है कि



दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी रहती है। र मांग की है कि मार्ग पर जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटें चालू करवाई जाएं।

अश्विनी का कहना है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

## परेशान कर रहे बदहाल रास्ते लोगों को

कोरबा। कोरबा से लेकर बालकोनगर, कुसमुंडा और उरगा जाने वाले रास्ते आम लोगों के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। पहले से ही इनकी स्थिति घटिया थी और बारिश के बाद हाल और बुरा हो गया है। फेस्टिवल सीजन में जब सड़कों पर जनता का दबाव बढ़ा है तब वायु प्रदूषण उनके लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है।

## ग्रामीण को मौत के घाट उतारने के बाद हाथियों ने तनेरा में डेरा डाला

**कोरबा।** जिले के पसान रेंज अंतर्गत तनेरा ग्राम पंचायत के गोरिलाडांड मोहल्ले में निवासरत धनसिंह गोंड़ नामक ग्रामीण को कल दोपहर मौत के घाट उतारने के बाद हाथियों के दल ने क्षेत्र में डेरा डाल दिया है। बड़ी संख्या में हाथियों के घटना स्थल पर मंडराते रहने के कारण मृतक के शव को बरामद करने में काफी देर हुई और घटना के 3-4 घंटे बाद जब हाथियों का दल अन्यत्र रवाना हुआ तो वन विभाग की टीम ने हाथी के हमले में मृत ग्रामीण के शव को पंचनामा कर कब्जे में लिया और पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां आज सुबह डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम कर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले कर दिया।

हाथियों का दल लगातार क्षेत्र में डेरा डाला हुआ है। बीती रात इस दल ने जमकर उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात रात भर चला। इस दौरान दो दर्जन से अधिक ग्रामीण प्रभावित हुए, जिनकी फसल को हाथियों ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। क्षेत्र में ग्रामीण को मौत के घाट उतारने तथा उसके बाद बड़ी मात्रा में धान फसल को तहस-नहस



किये जाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। हालांकि वन विभाग पीड़ितों की सहायता के लिए नुकसानी का आंकलन करने के साथ उसकी भरपाई के लिए मुआवजा देने की तैयारी शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसाार विभाग द्वारा ग्रामीणों से लगातार सावधानी बरतने तथा हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। बावजूद इसके ग्रामीण नहीं मान रहे हैं और विभाग की चेतावनी और सलाह को दरकिनार कर हाथियों को खदेड़ने जंगल पहुंच जा रहे हैं।

## हिल स्टेशन का नजारा दिखा बालको नगर में

**कोरबा।** कोरबा जिला में अलसुबह बालको क्षेत्र धुंध की घनी चादर में लिपटा रहा। सुबह-सुबह जब सेक्टर-5 से आगे मॉर्निंग वॉक के लिए लोग घरों से निकले तो उन्हें ऐसा दृश्य देखने को मिला मानो वे अचानक किसी हिल स्टेशन की वादियों में पहुंच गए हों। चारों ओर फैली सफेद धुंध ने शहरवासियों को रोमांचित कर दिया। कोहरे की घनत्व इतनी अधिक रही कि दृश्यता मुश्किल से 40 से 50 मीटर तक सीमित रही। सड़कें पेड़ और मकान सब मानो बादलों के बीच खो गए हों। इस मनमोहक नजारे ने लोगों को रुकने और बार-बार तस्वीरें लेने पर मजबूर कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई प्रकृति के इस अद्भुत उपहार का आनंद उठाता नजर आया। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार कोरबा में मानसून अब अंतिम पड़ाव पर है।

## रसोई के सामानों की दरों में गिरावट, मिली राहत

**कोरबा।** भारत सरकार ने वस्तु और सेवाकर के मामले में लोगों को राहत दी है। चार स्लैब को घटाकर दो तक सीमित किया और इसके स्तर में भी कटौती की। नई व्यवस्था आज से प्रभावशील हो गई है। खासतौर पर रोजमर्रा में शामिल चीजों की दरों में कमी होने से लोगों की प्रतिक्रिया है कि इससे कुछ राहत मिलेगी।

रसोई से संबंधित सामानों में जीएसटी को 5 प्रतिशत व शून्य के स्तर पर ला दिया गया है। यह पहले 12 फीसदी के आसपास था। कुछ दिन पहले जीएसटी काउंसिल की बैठक में विचार मंथन के साथ प्रभावी निर्णय लिए गए। इसमें सामान्य उपभोक्ताओं और घर की जरूरतों पर ध्यान दिया गया। संबंधित चीतें इसके दायरे से जुड़ी हुई हैं। सरकार द्वारा उठाए गए आर्थिक कदम को



लोगों ने समय के अनुकूल और व्यवहारिक बताया है। कारोबारी कोमल बत्रा ने कहा कि यह एक संवेदनशील पहल है। निश्चित रूप से जीएसटी की दरों में कटौती होने से घर के बजट को बेहतर कर सकेंगे। दूसरी जरूरतों की पूर्ति इससे हो सकेगी। वहीं इन्टरप्रेन्योर मीनाक्षी सोनी ने कहा कि वक्त के साथ सहीं फैसले लिए जा रहे हैं। हालांकि इस बारे में बहुत पहले विचार हो जाना चाहिए था। जीएसटी के नए प्रावधानों से कोरबा के साथ प्रदेश और देश के करोड़ों लोग इस व्यवस्था से लाभान्वित होगा।

## अमर को बधाई देने भाजपाई गए बिलासपुर

**कोरबा।** विधायक अमर अग्रवाल के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने के लिए कोरबा जिले के भाजपाई आज बिलासपुर के लिए रवाना हुए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता जोगेश लांबा, सुशील गर्ग, राजेश राठौर, योगेश मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता प्रात: 9 बजे बिलासपुर के लिए निकले और वहां जाकर अमर अग्रवाल से मुलाकात करेंगे।


फ्लैट बेचना है

बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।

संपर्क करें

मो. 8770934804


## हनुमत यज्ञ एवं हनुमान चालीसा पाठ का समापन



**कोरबा।** नगर के बुधवारी स्थित रामजानकी मंदिर महाराणा प्रताप भवन में देवराहा बाबा की स्मृति में सर्व कल्याणार्थ आयोजित पांच दिवसीय हनुमत यज्ञ एवं संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ भोग-भंडारा के साथ रविवार को समापन हो गया। श्री श्री 1008 जगदीश दास महाराज कांशीधाम की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े तथा कार्यक्रम पांच दिनों तक चला। इस दौरान क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह एवं उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतिम दिवस प्रदेश के केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए।

## विधायक राठिया ने नवरात्र पर्व की दी शुभकामनाएं

**कोरबा।** रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि शक्ति एवं भक्ति के नौ दिनों के नवरात्रि का यह पर्व क्षेत्रवासियों के जीवन में वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, आदर्श, स्वास्थ्य, समृद्धि लेकर आए। नवरात्रि पर्व का आयोजन प्राचीन काल से समाज को सुविकसित करने लोगों में जागृति लाने के लिए किया जाता रहा है।











स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com